YouTube AJJ KA MUDDA

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र

Website : www.aajkamudda.com
Email:muddaaajka@gmail.com

# आज का मुद्दा

नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

नजर आपकी खबर आपकी

वर्ष : 14 अंक 355 | नोएडा गौतमबुद्धनगर, बुधवार 08 जनवरी 2025 | RNI-No. UPHIN/2011/37197 | पेजः 8 मूल्य : 2 रुपया





## मणिपुर के सैबोल गांव में तैनात रहेंगे सुरक्षा बल

### सीआरपीएफ और बीएसएफ के जवानों की नहीं होगी वापसी

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर की राजधानी इंफाल के पूर्वी जिले की सीमा पर बसे सैबोल गांव से सुरक्षाबल सीआरपीएफ और बीएसएफ को नहीं हटाए जाने को लेकर भड़की हिंसा मामले में सिक्योरिटी एजेंसियों का कहना है कि फिलहाल इन दोनों सुरक्षाबल को वहां से हटाने का अभी कोई इरादा नहीं है। दोनों सुरक्षाबल अपना काम बड़ी मुस्तैदी और ईमानदारी से कर रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन की वजह से इन्हें नहीं हटाया जा सकता। मणिपुर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि तीन जनवरी को हिंसाग्रस्त कांगपोकपी जिले में स्थिति अभी कंट्रोल में है। यहां शुक्रवार शाम उग्र प्रदर्शनकारियों ने एसपी ऑफिस पर हमला कर दिया था, जिसमें एसपी मनोज प्रभाकर समेत कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे। यह हिंसा कुकी समुदाय के लोगों द्वारा सैबोल गांव से सुरक्षाबलों में खासतौर से बीएसएफ और सीआरपीएफ को हटाए जाने की मांग को लेकर थी। इससे पहले तीन मई 2023 से शुरू हुई हिंसा का यह दौर मणिपुर में रुक-रुककर सामने आ रहा है। पिछले साल 11 नवंबर को जिरीबाम में कथित रूप से 10 उग्रवादियों के एनकाउंटर में मारे जाने और छह मैतेई समुदाय की महिलाओं और बच्चों के अपहरण के बाद की गई हत्या मामले में 16 नवंबर को फिर से मणिपुर में हिंसा हुई थी। इसके बाद अब तीन जनवरी को फिर से हिंसा हुई। इन तमाम मामलों में सूत्रों का कहना है कि आखिर ऐसे क्या कारण है कि बार-बार मणिपुर पुलिस और अन्य एजेंसियों की इंटेलीजेंस वहां फेल हो रही है। राज्य पुलिस को प्रदर्शनकारियों और उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों के बारे में समय रहते क्यों नहीं सटीक जानकारी मिल पा रही है। मणिपुर में भड़की ताजी हिंसा मामले में मणिपुर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-यहां से जवान नहीं हटेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### चंडीगढ़ में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे

#### बंदी सिखों की रिहाई की मांग

**चंडीगढ़/अमृतसर (एजेंसी)।** बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मंगलवार को चंडीगढ़ कूच की कोशिश की। कौमी इंसाफ मोर्चे के 2 साल पूरे होने पर मोहाली में कार्यक्रम रखा गया था। इसी दौरान कुछ प्रदर्शनकारी पुलिस को चकमा देकर चंडीगढ़ में घुस गए। चंडीगढ़ की एसपी कंवरदीप कौर और अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को सेक्टर 43 में रोक लिया। पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। 4 बसों में भरकर प्रदर्शनकारियों को



थाने ले जाया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने वापस लौटने का ऐलान किया। प्रदर्शनकारी दोबारा कूच न करें, इसलिए पुलिस ने चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर 5 लेयर बैरिकेडिंग की है। साथ ही पत्थरों से भरे टिप्पर भी खड़े किए गए हैं। मोर्चे के नेता बाबा शेर सिंह ने कहा- 25 जनवरी को मोहाली में महापंचायत होगी, जिसमें बंदी सिखों की रिहाई का मुद्दा उठाया जाएगा। महापंचायत में देशभर से बड़े नेता पहुंचेंगे। उधर, खडूर साहिब सीट से सांसद अमृतपाल सिंह के माता-पिता को हाउस अरेस्ट किया गया है। उनके अलावा फरीदकोट से सांसद सरबजीत सिंह खालसा, मान को उनके घरों में नजरबंद किया गया है।

### शबाब पर पहुंची ठंड, यूपी अब तक 25 लोगों की मौत

#### 16 राज्यों में घना कोहरा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में मंगलवार सुबह एवलांच आया। इससे पहले इस इलाके में 2 फीट तक बर्फबारी हुई थी। एवलांच के चलते फिलहाल किसी नुकसान की सूचना नहीं है। जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग के अलावा कई जिलों में बर्फबारी हुई। इससे मुगल रोड, श्रीनगर-लेह रोड, सेमथान-किश्तवाड़ रोड और गुरेज हाईवे बंद कर दिया गया। मौसम विभाग के मुताबिक यहां 2 से 3 दिन तक बर्फबारी की संभावना रहेगी। उधर, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के साथ-साथ में



बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के बाकी राज्यों में तेज सर्दी का असर देखने को मिल रहा है। आज देश के 16 राज्यों में सुबह घना कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग के कहा कि पंजाब, जम्मू, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में विजिबिलिटी घटकर जीरो हो गई। इससे कई फ्लाइट्स लेट हुईं। अकेले यूपी में ही 25 फ्लाइट और कई ट्रेनें लेट हुईं। उत्तर प्रदेश ठंड के चलते पिछले 48 घंटे में 25 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में 10 की जान गई। बिहार के कटिहार, पूर्णिया समेत 20 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया। राजस्थान में भी अगले 3 दिन सर्द हवा का असर रहेगा।

## आतंकवाद लोकतंत्र के लिए नासूर इसकी फंडिंग और भी खतरनाक

### शाह ने दिल्ली में इंटरपोल से राज्य पुलिस को जोड़ने का पोर्टल लॉन्च किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार सुबह दिल्ली में भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया। इस दौरान शाह ने कहा- आतंकवाद, लोकतंत्र, मानवाधिकार, आर्थिक प्रगति और विश्व शांति के खिलाफ सबसे बड़ा नासूर है, जिसे हमें जीतने नहीं देना है। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। आतंकवाद की फंडिंग कहीं अधिक खतरनाक है, क्योंकि यह फंड आतंकवाद को पोषित करके दुनिया के अर्थतंत्र को कमजोर करता है। शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतर्राष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाएगा। पहले सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी जो इंटरपोल के साथ काम करने के लिए पहचानी गई थी, लेकिन अब भारतपोल के जरिए हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल से जुड़ पाएगी। गृह मंत्रालय ने बताया कि भारतपोल पोर्टल को सीबीआई ने बनाया है। इससे भारत की अलग-अलग जांच एजेंसियों को अपनी जांच के लिए इंटरनेशनल पुलिस से तुरंत मदद मिलेगी। इस पोर्टल के जरिए राज्यों की पुलिस भी विदेश भाग चुके अपराधियों और उनके क्राइम की डिटेल्स इंटरपोल से मांग सकेंगी। फिलहाल सीबीआई, इंटरपोल ऑफीसर और एसपी, डीएसपी लेवल के यूनिट ऑफीसर से लेटर, ईमेल और फैक्स के जरिए ही जानकारी शेयर की जाती थी। अब भारतपोल पोर्टल की मदद से सीबीआई केंद्र और राज्य के स्तर पर इंटरपोल ऑफीसर से डायरेक्टली जुड़ सकेगी। पोर्टल पर ही जानकारी शेयर की जाएगी। ईमेल, फैक्स की जरूरत नहीं होगी। साइबर क्राइम, फाइनेंशियल क्राइम, ऑनलाइन रेडिकलाइजेशन, ड्रग्स ट्रैफिकिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे अपराधों पर अब देश की सभी एजेंसियां एक साथ अपराधियों को ट्रैक कर सकेंगी। भारतपोल की मदद से राज्य की पुलिस भी अपराधियों के खिलाफ रेड नॉटिस सहित अन्य कलर कोड नोटिस जारी करने की प्रोसेस आसान हो सकेगी। गृह मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि साइबर क्राइम, फायनेंशियल क्राइम, ऑनलाइन टेररिज्म, संगठित अपराध, ड्रग्स स्मगलिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग आदि समेत इंटरनेशनल क्राइम की संख्या बढ़ रही है। इनकी जांच के दौरान कई बार अन्य देशों की मदद लेनी पड़ती है। साथ ही देश में अपराध कर विदेश भागने वाले अपराधियों को वापस लाकर सजा दिलवाना आज भी सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती है। इसके लिए भारतीय एजेंसियां इंटरपोल समेत अन्य विदेशी सुरक्षा एजेंसियों की मदद लेती हैं। अब भारतपोल के जरिए इंटरपोल और अन्य देशों से तुरंत अपराधियों का डेटा मिल जाएगा। कार्यक्रम में अमित शाह ने 35 आईपीएस अधिकारियों को पुलिस मेडल से सम्मानित किया। इन अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस मेडल और अलग-अलग केस की जांच के लिए केंद्रीय गृह मंत्री के पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव का बज गया बिगुल

### सिंगल फेज में 5 फरवरी को होगी वोटिंग, नतीजे 8 को

### डेढ़ करोड़ वोटरों के लिए बनाए गए हैं 33 हजार बूथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव सिंगल फेज में 5 फरवरी को होगा। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा। यह जानकारी चुनाव आयोग ने मंगलवार को दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि देश की राजधानी में डेढ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए गए हैं। 83.49 लाख पुरुष, 79 लाख महिला वोटर्स हैं। 2.08 लाख नए वोटर्स है। 830 वोटर 100 साल की उम्र से ज्यादा हैं। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों पर 30 मिनट तक फैक्ट्स के साथ सफाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव में वोटर्स बढ़ाने,खास वर्ग को टारगेट करने के आरोप गलत हैं। चुनावी प्रक्रिया को खत्म करने में वक्त लगता है। यह सब एक तय प्रोटोकॉल के तहत होता है। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त




राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। इसके चलते 18 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कराए जाने की संभावना है। 2020 के विधानसभा चुनावों की घोषणा 6 जनवरी को हुई थी। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर 8 फरवरी 2020 को सिंगल फेज में वोटिंग हुई थी और 11 फरवरी को नतीजे घोषित हुए थे। 2020 में आम आदमी पार्टी को 53.57 फीसदी वोट के साथ 62 सीटें मिली थीं,जबकि भाजपा को 8 सीटों सहित कुल 38.51 फीसदी वोट मिले थे।

## आसाराम को 11 साल में पहली बार मिली जमानत

### सुप्रीम कोर्ट से 31 मार्च तक मिली बेल, रेप का दोषी है

**जोधपुर (एजेंसी)।** जोधपुर सेंट्रल जेल में रेप के आरोप में आजीवन सजा काट रहे आसाराम (83) को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। आसाराम को सूरत के अपने आश्रम में महिला अनुयायी से रेप के मामले में 31 मार्च तक बेल मिली है। हालांकि, उसके जेल से बाहर निकलने की संभावना नहीं है, क्योंकि



आसाराम नााबलिग से रेप का भी दोषी है। फिलहाल वह जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। आसाराम को बीते 5 महीने में तीन बार पैरोल भी मिल चुकी है। आसाराम के वकील आरएस सलूजा ने बताया- मंगलवार (7 जनवरी) सुप्रीम कोर्ट से पहली बार जमानत दी गई है। आसाराम जमानत के बावजूद बाहर नहीं आ पाएगा। रेप का यह केस गांधीनगर के पास आसाराम के आश्रम में रहने वाली महिला ने दर्ज करवाया था। अब दूसरे केस में जोधपुर हाईकोर्ट में बेल एप्लीकेशन लगाने की तैयारी है। इधर, जमानत पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि आसाराम अपने फॉलोअर्स से नहीं मिल सकता है। वह केस के सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश भी नहीं करेगा।

## नहीं रहे स्याना के वरिष्ठ समाज सेवी रवि सिंघल

**स्याना नगर ने आज अपना बेश कीमती कोहिनूर हीरा खो दिया है जिसकी छतीपूर्ति सम्भव नहीं है**

**आज का मुद्दा-बुलंदशहर :** स्याना नगर वासियों ने नम आंखों से दी प्रमुख व्यवसायिक रवि सिंघल को अंतिम विदाई,,, नगर के वरिष्ठ समाजसेवी जनप्रिय व्यापारी नेता रवि सिंघल का हृदय गति रुकने के कारण सोमवार की रात्रि स्वर्गवास हो गया जिससे संपूर्ण नगर में शोक की लहर दौड़ गई स्याना की समस्त जनता ने अपने जनप्रिय व्यापारी नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी रवि सिंघल का स्वर्गवास सोमवार की रात्रि लगभग 11:00 बजे हृदय गति रुकने के कारण अपने निज निवास जवाहरगंज स्याना पर ही हो गया था उनका अंतिम संस्कार जनपद हापुड़ के ब्रजघाट पर उनके सुपुत्र मोहक सिंघल के द्वारा लगभग 1:00 बजे सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में किया गया हर मुंह से एक ही शब्द आ रहा था कि ऐसे लोग सदियों में कभी कभार ही जन्म





लेते हैं उन्होंने सभी धर्म के साथ मिलकर समाज को एक नई दिशा दिखाने का कार्य किया और एक बड़े युग का अंत आज रवि कुमार के रूप में हुआ है रवि सिंघल नाम का सूरज अपनी चमक पूरे क्षेत्र में फैलाकर 56 वर्ष की आयु में ही अपनी तमाम रश्मियों को समेट कर अस्त हो गया रवि सिंघल के अल्पायु में ही निधन से संपूर्ण नगर में शोक की लहर दौड़ गई है ज्ञात रहे की रवि सिंघल बहुत मधुरवासी व्यवहारिक समाजसेवी गरीबों के दुख दर्द के साथी रहे हैं जिससे उनकी छवि स्याना की जनता में बहुत खास रही है उन्होंने अपनी कार्य कुशलता के दम पर स्याना नगर के हर दिल में अपनी एक विशेष जगह बना ली थी जिसके चलते स्याना की जनता बेहद व्याकुल देखी गई ।

## नव चयनित पटवारियों की प्रशिक्षण अवधि डेढ़ वर्ष की बजाय होगी एक वर्ष, प्रशिक्षण अवधि भी सेवा में होगी शामिल

**पंचकूला, 8 जनवरी -(शशि किरण अरोड़ा) - आज का मुद्दा-**-हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नव चयनित पटवारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की अवधि डेढ़ वर्ष से कम कर एक वर्ष करने की घोषणा की। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा की अब से प्रशिक्षण की अवधि भी पटवारी की सेवा में शामिल होगी। विभाग में ज्वाइनिंग के दिन से ही पटवारी की सेवाएं शुरू हो जाएँगी।






मुख्यमंत्री मंगलवार को पंचकूला में आयोजित 2605 नव चयनित पटवारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने नव चयनित पटवारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहला अवसर है जब प्रदेश में पहली बार एक साथ 2605 नए पटवारियों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री ने सभी पटवारियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे सभी ईमानदारी और पारदर्शिता के पथ पर चलते हुए जनता के साथ संवाद स्थापित कर आम लोगों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करने की दिशा में कार्य करें। साथ ही, विभाग की सभी प्रक्रियाओं को सरल और प्रभावी बनाते हुए तकनीकी और प्रशासनिक नवाचारों को भी अपनाये।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी का अधिकार देने वाला राज्य बना हरियाणा**

पूर्ववर्ती सरकारों में हरियाणा प्रदेश में नौकरियों में भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के दौरान सरकारी नौकरियों की लिस्ट जारी होने से पहले ही अखबारों की हैडलाइन बन जाती थी। ऐसी व्यवस्था से पात्र युवा नौकरी से वंचित रह जाता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस व्यवस्था को बदलने का काम वर्तमान राज्य सरकार ने किया है। आज प्रदेश में बिना खर्ची-पर्ची के गरीब परिवार का युवा मेरिट के आधार पर एचसीएस भर्ती हो रहा है। अब किसी भी युवा को नौकरी के लिए किसी एमएलए या मंत्री के दरबार में हाजिरी नहीं लगानी पड़ती। वर्तमान सरकार ने नौकरियों में पारदर्शी भर्ती सिस्टम खड़ा करके युवाओं की मेहनत को सम्मान दिया है। मेरिट के आधार पर खर्ची-पर्ची के बिना नौकरी का यह अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने उपलब्ध करवाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान वायदा किया था की दोबारा शपथ लेने से पहले 24,000 युवाओं को सरकारी नौकरी ज्वाइन करवाएंगे और इस वचन को उन्होंने निभाया। उन्होंने कहा कि आज युवाओं में भी विश्वास जगा है कि नौकरी किसी के चक्कर काटने से नहीं बल्कि पढ़ने से मिलेगी।

# क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ. तितियाल और दर्जनों एम्स



डॉ. आर.के. सिन्हा

**आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना-जाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है।**

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियों बहुत वायरल हो रहा था , जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद अपने साथियों और रोगियों के साथ घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम है। दरअसल प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से अपने मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है।

देखिए , किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से ड़ॉ तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए।

डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमा पूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक ) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र



संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं।

वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दशार्ते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं।

वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं।

डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरूआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है। उन्होंने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (डउळ) और अन्य इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करके ग्लूकोमा से प्रभावित तंत्रिका फाइबर परत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का अध्ययन किया है। उन्होंने ग्लूकोमा के इलाज के लिए नए चिकित्सीय तरीकों की खोज में भी योगदान दिया है। उनके शोध में विभिन्न प्रकार की दवाइयों और शल्य चिकित्सा विकल्पों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति की निगरानी के लिए नए तरीकों का अध्ययन किया है। उनके शोध से चिकित्सकों को ग्लूकोमा के रोगियों में दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिली है। डॉ. तितियाल ने कॉर्निया प्रत्यारोपण में उपयोग की जाने वाली नवीन तकनीकों का विकास किया है। उन्होंने एंडोथेलियल केराटोप्लास्टी जैसी तकनीकों का अध्ययन किया है, जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के बाद जटिलताओं को कम करने में मदद करती हैं।

उन्होंने सूखी आंख के कारणों और उपचार पर भी शोध किया है। उनके शोध ने सूखी आंख से पीड़ित रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने कॉर्नियल संक्रमणों के प्रबंधन पर भी शोध किया है। उनके शोध ने इन संक्रमणों के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य उपचारों की पहचान करने में मदद की है। डॉ. तितियाल का शोध नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा है। उनके शोध ने मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद की है, ग्लूकोमा के शुरूआती निदान और उपचार को बेहतर बनाया है, और कॉर्नियल बीमारियों के इलाज के लिए नए विकल्प प्रदान किए हैं। उन्होंने रेटिना रोगों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

डॉ. तितियाल की तरह एम्स से ना जाने कितने डॉक्टर एमबीबीएस, एमएस,एमडी वगैरह करने के बाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में स्थापित हुए। एम्स अपने यहां पढ़े विद्यार्थियों को लगातार शोध करने और मानवीय बने रहने के लिए प्रशिक्षित करता है। यहां के डॉक्टरों में मानव सेवा का गजब का जज्बा देखने को मिलता है। विश्व विख्यात लेखक और मोटिवेशन गुरु डॉ.दीपक चोपड़ा,शिकागो यूनिवर्सिटी के पैथोलिजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार, गंगा राम अस्पताल के मशहूर लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंदर सिंह सोईन, एम्स के मौजूदा डायरेक्टर डॉ.रणदीप गुलेरिया,ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.रमेश डेका, डॉ. पी.वेणुगोपाल,डॉ. सिद्धार्थ तानचुंग, यूरोलोजिस्ट डॉ. राजीव सूद जैसे सैकड़ों चोटी के डॉक्टरों ने एम्स में ही शिक्षा ग्रहण की और फिर इधर सेवाएं भी दीं। डॉ. राजीव सूद ने कुछ सालों तक एम्स में सेवा देने के बाद राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) को ज्वाइन किया और फिर इसके डीन भी रहे। वे कहते हैं कि एम्स की तासीर में सेवा है। जो एक बार एम्स रह लिया वह फिर मानव सेवा के प्रति समर्पित रहेगा। इधर डॉ. जीवन सिंह तितियाल के अलावा प्रोफेसर प्रदीप वेंकटेश, प्रोफेसर तरुण दादा, प्रोफेसर विनोद अग्रवाल जैसे बेहतरीन नेत्र चिकित्सक हैं। इन्हें आप संसार के सबसे कुशल डॉक्टरों की श्रेणी में रख सकते हैं। इन सब डॉक्टरों की देखरेख में देश के नए डाक्टर तैयार होते हैं।

आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना-जाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है।

एम्स भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री और गांधी जी की सहयोगी राजकुमारी अमृत कौर के विजन का नतीजा है। जिस निष्ठा और निस्वार्थ भाव से एम्स के डॉक्टर रोगियों को देखते हैं, उससे समझ आ जाता है कि ये सामान्य अस्पताल तो नहीं है। भारत को अभी बहुत सारे एम्स और डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टर चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### मुफ्त देने का मुकाबला

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के जारी रहने की बात की। मोदी ने कहा यदि भाजपा की सरकार बनती है तो जनहित की योजनाएं जारी रहेंगी बल्कि इनमें व्याप्त भ्रष्टाचार को रोका जाएगा व ठेकेदारों को बाहर किया जाएगा। उन्होंने दिल्ली सरकार की योजनाओं के केवल कागजों पर चलने का इल्जाम लगाते हुए दस साल बर्बाद होने की बात उठाई। मोदी का कहना है आप सरकार हार से घबरा गई है इसलिए जनता के बीच झूठ फैला रही है कि उसकी सरकार जाने पर कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। आप सरकार के केंद्र की योजनाओं को लागू न करने देने का आरोप लगाते हुए नवनिर्मित मुख्यमंत्री आवास को शीशमहल बताया। आप-दा को नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे जैसा नारा देते हुए प्रधानमंत्री अपनी पार्टी में भरपूर जोश भरने का प्रयास करते नजर आये। निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी जनहित योजनाओं को लेकर अब तक बहुत पुरउम्मीद थी। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने चुनावी भाषणों में दिल्ली की जनता को समझाने में कामयाब हो रहे थे कि भाजपा सरकार बनी तो उनके द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं को तत्काल बन्द कर दिया जाएगा। मोदी का यह पलट वार माना जा सकता है, जिसमें उन्होंने मुफ्त वाली विभिन्न योजनाओं के न केवल जारी रखने की उम्मीद जगाई बल्कि जनता को विश्वास दिलाया कि उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का भी लाभ दिया जा सकता है, जिनमें सौरघर मुफ्त बिजली, आयुष्मान सहित गरीबों को वित्तीय लाभ भी शामिल है। केजरीवाल लंबे समय से केंद्र की आंखों की किरकिरी हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों में आप के विभिन्न वरिष्ठ नेताओं को जेल हो चुकी है। चुनावी मौसम से पहले ही भाजपा उन्हें घेरने की पूरी तैयारी कर चुकी है। केजरीवाल के दल का नामकरण आप-दा कर-के मोदी ने उनका खासा मखौल भी बनाया। चुनावी दंगल में अब कमर के नीचे प्रहार करने में नेता परहेज नहीं करते। कटाक्ष करने के साथ ही वे जनता को लुभाने वाली निजी टिप्पणियां भी खूब करते हैं। चुनावी रैली में मोदी उतरते ही उनके दल के तेवर बदल गए और जोश नजर आने लगा। मुफ्त की योजनाएं और आर्थिक लाभ का लोभ वोट बैंक को आकर्षित करने का बेहतरीन फामूर्ला बन चुका है। दिल्ली की जनता का पलड़ा किसकी तरफ झुकता है, इस पर देश भर की निगाहें लगी हुई हैं।



## चिंतन-मनन

### प्रयश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार है

यह ठीक है कि जिस व्यक्ति के साथ अनाचार बरता गया अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुँचाई गई क्षति वस्तुतः प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुँचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म करके समाज को लाभ पहुँचाये। समाज को इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई। सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय, सत्संग, कथा, कीर्तन, तीर्थ, व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है। धर्म कृत्यों से पाप नाश के जो माहात्म्य शास्त्रों में बताये गये हैं उनका तात्पर्य इतना ही है कि मनोभूमि का शोधन होने से भविष्य में बन सकने वाले पापों की सम्भावना का नाश हो जाये। ईश्वरीय कठोर न्याय व्यवस्था में ऐसा ही विधान है कि पाप परिणामों की आग में जल मरने से जिन्हें बचना हो वे समाज की उत्कृष्टता बढ़ाने की सेवा-साधना में संलग्न हों और लदे हुए भार से छुटकारा प्राप्त कर शान्ति एवं पवित्रता की स्थिति उपलब्ध कर लें।

# नये चीनी वायरस से चिन्ता में डूबी दुनिया



ललित गर्ग

मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना को झेल चुकी दुनिया पर एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण की खबर ने दुनियाभर को चिंता में डूबो दिया है, बाजार से लेकर सामान्य जन-जीवन तक में डर, खौफ, अफरा-तफरी एवं असमंजस्य का माहौल व्याप्त है। कोविड-19 और अन्य श्वसन वायरस की तरह एचएमपीवी भी खांसने, छींकने और संक्रमित लोगों के निकट संपर्क से उत्पन्न बूंदों या एरोसोल के माध्यम से फैलता है। बुखार, सांस फूलना, नाक बंद होना, खांसी, गले में खराश और सिरदर्द इसके सामान्य लक्षण हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि कुछ मरीजों को इस संक्रमण के कारण ब्रोंकाइटिस और निमोनिया हो सकता है। एचएमपीवी के खिलाफ कोई टीका या प्रभावी दवा नहीं है और इलाज ज्यादातर लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए होता है। चीन में सांस की बीमारियों के बढ़ते मामलों की खबरों के बाद, भारत सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने डब्ल्यूएचओ से स्थिति पर लगातार अपडेट देने का अनुरोध किया है।

नये वर्ष में प्रवेश की शुभबेला में एकाएक इस महामारी की खबर से दुनिया भौचक्क एवं खौफ में आ गयी है। क्योंकि कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद, चीन मौजूदा समय में नए वायरस एचएमपीवी से जूझ रहा है। इस वायरस ने चीन में हजारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। वहां हालात बेकाबू हो रहा हैं, अस्पतालों के बाहर मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। हालांकि, हर बार की तरह चीन का कहना है कि मीडिया खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। ये मौसम बदलने का असर है। ठंड बढ़ने से आमतौर पर लोग खांसी-जुकाम की समस्या से जूझते हैं। ये भी मौसम की वजह से ही हो रहा है। चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर के अंत में चीनी सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 14 वर्ष और उससे कम आयु के मामलों में एचएमपीवी की पॉजिटिव दर में हाल ही में वृद्धि हुई है। एचएमपीवी वायरस से छोटे बच्चे, वृद्ध और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग ज्यादा प्रभावित हुए है। चीन के साथ ही दुनिया के अनेक हिस्सों से इस महामारी से पीड़ित लोगों की खबरें आ रही है। भारत में भी चीन का खतरनाक वायरस एचएमपीवी पहुंच गया है। खबरों की मानें तो बेंगलुरु में 8 महीने का एक बच्चा एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाया गया है। बच्चे का ब्लड टेस्ट किये जाने के बाद ये दावा किया जा रहा है। यह भारत में एचएमपीवी वायरस का पहला मामला है। हालांकि, भारत में एचएमपीवी वायरस के मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई।

चीन में सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि इन्फ्लूएंजा ए, एचएमपीवी, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड सहित कई वायरस फैल रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एचएमपीवी मामलों में वृद्धि के कारण अचानक मृत्यु दर में चिंताजनक वृद्धि हुई है तथा 40 से 80 वर्ष की आयु के लोग विशेष रूप से इससे प्रभावित हुए हैं। चीन की जिम्मेदार एजेंसियां इस वायरस के दुष्प्रभाव को घटाने में लगी हैं और यह उम्मीद की जा रही है कि चीन इस रोग पर लगाम लगाने में कामयाब हो जाएगा। चीन अपने यहां कोरोना वायरस पर भी लगाम लगाने में एक हद तक कामयाब रहा था। लेकिन वह दूसरे देशों में उसे फैलने से नहीं रोक पाया। लेकिन इस बार अब यह उम्मीद करनी चाहिए कि सजग चीन मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने यहां से किसी भी संदिग्ध को किसी दूसरे देश की यात्रा न करने दें। साथ ही इस महामारी पर नियंत्रण पाने में जिस विधि एवं उपचार पद्धति से वह सफलता पाये, उसे समूची दुनिया से साझा करें, ताकि महामारी से महाविनाश का प्रकोप व्यापक न बन सके।

एचएमपीवी का संक्रमण व्यक्तिगत संपर्क से बढ़ रहा है। अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के किसी सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छुए या उसके सम्पर्क में आये तो संक्रमण का खतरा बताया जा रहा है। यह वायरस चूंकि नया है, तो इसका अभी कोई टीका नहीं है। इसकी कोई एंटीवायरल दवा भी नहीं है। यह अच्छी बात है कि अधिकांश मामलों में लोगों को मामूली समस्याएं आ रही हैं। ज्यादातर लोग लक्षण के अनुरूप उपचार और आराम से ही ठीक होते जा रहे हैं। चीन ने साफ तौर पर कुछ बताया नहीं है, मगर अनुमान यही है कि गंभीर मामलों में लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए अस्पताल में भर्ती होने, ऑक्सीजन थेरेपी या कॉर्टिकोस्टेरॉइड उपचार की आवश्यकता पड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अगर मानें, तो इस वायरस का संक्रमण अक्तूबर महीने से ही बढ़ रहा है। अच्छा यही है कि यह बीमारी मौसमी साबित हो और कम से कम लोगों के जीवन पर असर डाले। कोरोना महामारी तो महाविनाश का कारण बनी थी, एचएमपीवी ऐसा अनर्थ ना करें।

चीन की साख कोरोना महामारी के कारण बहुत गिरी थी, दुनियाभर में लोगों के स्वास्थ्य पर हमला करने वाला चीन दुनिया की नजरों से गिर गया था। आखिर चीन अच्छी-अच्छी वस्तुओं, तकनीक एवं साजोसामान का निर्यात करते-करते महामारियों का निर्यातक क्यों बन गया? स्वास्थ्य एवं वैज्ञानिक क्रांति के लिये अग्रणी चीन अपने यहां आए दिन हो रहे ऐसे संक्रमण को लेकर सजग क्यों नहीं है? अब यह सवाल बिल्कुल जायज है कि वैज्ञानिक या कृत्रिम तरक्की की होड़ में कहीं चीन अपने लोगों के बुनियादी स्वास्थ्य की अनदेखी तो नहीं कर रहा है? कहीं चीनियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता समाप्त या बहुत कम तो नहीं हो गई है? वे बार-बार किसी-न-किसी प्रकार की महामारी की चपेट में आ रहे हैं और सम्पूर्ण मानव जाति को इससे पीड़ित बना रहे है तो यह गंभीर बात है। क्या इसका बड़ा कारण चीनी लोगों को खान-पान है? जरूरत से ज्यादा सुविधावादी जीवनशैली, कृत्रिम संसाधनों की प्रचुरता एवं अप्राकृतिक जीवन उनकी सेहत पर भारी पड़ रहा है। ध्यान रहे कोरोना महामारी के समय विश्व स्वास्थ्य संगठन की भूमिका संतोषजनक नहीं थी। कोरोना महामारी की भयावहता के बावजूद वह चीन के प्रति उदार बना रहा। इसलिये एचएमपीवी महामारी के सन्दर्भ में सवाल उठ रहे हैं कि क्या डब्ल्यूएचओ गंभीरता दिखाते हुए पर्याप्त कदम उठायेगा? क्या उसने कोरोना महामारी के समय चीन से सही सवाल पूछे होते तो इस बीमारी के संभावित खतरे को नियंत्रित किया जा सकता था? क्या कोरोना बीमारी को लेकर विश्व को समय से सलाह न दे पाने में नाकाम रहने के लिए उसे जिम्मेदार माना जाना चाहिए? इस नयी महामारी को लेकर भी इन्हीं कारणों से डब्ल्यूएचओ पर ज्यादा विश्वास कैसे किया जा सकता है? भारत में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ.अतुल गोयल ने शुक्रवार को कहा कि एचएमपीवी एक सामान्य सांस संबंधी वायरस है जो सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। कुछ लोगों को, खासकर बुजुर्गों और शिशुओं को, फ्लू जैसे लक्षण हो सकते हैं। लेकिन यह कुछ गंभीर या चिंताजनक नहीं है। डॉ. गोयल ने भले से मनोवैज्ञानिक तरह से एचएमपीवी वायरस को गंभीर न बताकर इसके आतंक को कम कर दिया है, सरकार भी इस महामारी को लेकर सतर्क है, लेकिन फिर भी इस नये वायरस की त्रासदी एवं संकट से जूझ रहे विश्व-मानव को सावधान रहना चाहिए। विभिन्न देशों की सरकारों एवं डब्ल्यूएचओ का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य के स्तर को ऊंचा उठाना है। हर इंसान का स्वास्थ्य अच्छा हो और महामारी का शिकार होने पर हर व्यक्ति को अच्छे प्रकार के इलाज की अच्छी सुविधा मिल सके, ऐसे प्रयास करने है।

# मुद्दा : किसानों की कोई सुनवाई नहीं



अमरेंद्र कुमार राय

पिछले एक साल से किसान फिर धरने पर बैठे हैं। वो भी उन मांगों के लिए जो तीन साल पहले ही केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने मान ली हैं। आप पूछ सकते हैं कि अगर किसानों की मांगें मान ली गई हैं तो वे धरने पर क्यों बैठे हैं? इसका जवाब है केंद्र सरकार की वादाखिलाफी। इसने मांगे तो मान लीं, लेकिन उस पर अमल नहीं किया।

19 नवम्बर 2021 को गुरु नानक जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का एलान किया था। इसके साथ ही कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करने के लिए एक समिति बनाने, आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने और कृषि ऋणों पर उदारतापूर्वक विचार करने की बात भी कही।

इसके बाद किसानों ने 9 दिसम्बर 2021 को आंदोलन समाप्त करने पर सहमति प्रदान की और कहा कि 11 तारीख से उनकी आंदोलन से वापसी हो जाएगी, लेकिन दो साल बीत जाने के बावजूद सरकार ने किसानों की मांगों पर अमल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सरकार ने एमएसपी लागू करने के लिए समिति का गठन तो कर दिया, लेकिन उसमें उन लोगों को शामिल कर दिया जो लोग कृषि कानूनों के पक्षधर थे।

इसमें किसान प्रतिनिधियों को तो शामिल किया गया, मगर बहुमत सरकार समर्थक प्रतिनिधियों का कर दिया गया। इससे नाराज होकर किसानों ने उस समिति की बैठकों में भाग लेने से ही मना कर दिया। इनका तर्क था कि समिति सारे फैसले बहुमत के आधार पर अपने पक्ष में करा लेगी। इसी तरह सरकार ने आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमों को भी वापस नहीं लिया। आज भी 55 हजार से ज्यादा किसानों पर मुकदमे दर्ज हैं। किसानों के कृषि ऋणों को लेकर भी कोई बात नहीं हुई।

इससे क्षुब्ध किसानों ने नये सिरे से आंदोलन शुरू करने का मन बनाया। करीब एक साल पहले किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के प्रति निष्ठा रखने वाले किसानों ने धरना शुरू कर दिया, लेकिन इस बार उन्हें पिछली बार की तरह दिल्ली की सीमा तक नहीं पहुंचने दिया गया। उन्हें पंजाब की सीमा पर ही रोक दिया गया। किसान साल भर से वहीं धरने पर बैठे रहे, लेकिन सरकार उनसे बात करने को तैयार नहीं हुई। तब कैंसर पीड़ित 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 26 नवम्बर को आमरण अनशन की घोषणा कर दी। सरकार के कान पर तो फिर भी जूं नहीं रेंगी, मगर जब अनशन को करीब एक महीने बीत गए तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया।

उसने पंजाब सरकार को कहा कि वह डल्लेवाल को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराए, लेकिन डल्लेवाल इसके लिए तैयार नहीं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं वे चिकित्सकीय सुविधा नहीं लेंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भी किसान सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर सुप्रीम कोर्ट इस मामले को सुलझाने की दिशा में सार्थक पहल करना चाहता है तो उसे पंजाब सरकार की बजाय केंद्र सरकार को हिदायत या आदेश देना चाहिए। आखिर कृषि का मसला पंजाब सरकार से तो जुड़ा नहीं है। यह केंद्र का मामला है। केंद्र की सरकार ने ही पहले मांगें मानी थीं। उसे ही इस पर अमल करना है।

अपने आंदोलन को गति देने के लिए किसानों ने बीती चार जनवरी को एक महापंचायत बुलाई थी। इस महापंचायत में एक लाख से ज्यादा किसान जुड़े। इसमें पंजाब और हरियाणा के किसान तो थे ही देश के बाकी हिस्सों से भी किसान पहुंचे। पिछली बार के आंदोलन से सबक लेते हुए किसान दो-तीन दिन पहले ही महापंचायत स्थल पर पहुंच गए थे। इस महापंचायत में डल्लेवाल भी स्ट्रेचर पर लाए गए। उन्होंने थोड़ी देर किसानों को संबोधित भी किया।

इस बीच सरकार ने अपना पुराना खेल शुरू कर दिया



है। किसानों में फूट डालने वाली। जहां ये पंचायत हुई उसके बगल में ही उसी दिन एक दूसरी पंचायत भी हुई। कहा जा रहा है कि ये पंचायत सरकार के इशारे पर की गई और किसान आंदोलन के विरुद्ध बातें की गई। दूसरी तरफ सरकार ने एक नई पॉलिसी तैयार की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि केंद्र सरकार इस नई पॉलिसी के जरिए एक बार फिर से निरस्त किए गए तीनों कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से वापस लाना चाहती है। केंद्र ने इस पॉलिसी को विचार के लिए सभी राज्यों को भेजा है। किसान भी इस पॉलिसी को लेकर सशंकित और सतर्क हैं।

**आज का मुद्दा समाचार पत्र का प्रत्येक अंक मां गंगा और सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 62 नोएडा के चरणों में समर्पित :** स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक मनोज वत्स द्वारा वत्स ऑफसेट मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित करा कर मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया मुख्य संपादक के.जी.शर्मा **RNI.NO.UPHIN/2011/37197**, 9310549614
किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

# निरीक्षण के दौरान अस्पताल में अलाव ना जलाएं जाने पर डीएम ने जताई नाराजगी







**आज का मुद्दा**

-----------------

**(आशीष कुमार)**

**बुलंदशहर :** डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह ने सर्दी से बचाव के लिए रैन बसेरों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए औचक रूप से काला आम चौराहे पर बनाए गए रैन बसेरे एवं भूतेश्वर मंदिर के समीप बनाए गए 100 व्यक्तियों के लिए निर्मित आश्रय गृह (शेल्टर होम) का निरीक्षण किया। आश्रय गृह में रुके लोगों से वार्ता करते हुए उनके ठहरे का कारण एवं उनके गंतव्य के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही रैन बसेरे में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। रैन बसेरों में की गई व्यवस्थाओं के बारे में सभी लोगों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। सर्दी से बचाव के लिए हीटर भी लगाया गया है। रैन बसेरे में नियमित साफ सफाई के निर्देश भी दिए। ईओ को निर्देशित किया गया कि आश्रय गृह के बारे में नगर के प्रमुख स्थलों पर प्रचार प्रसार भी कराया जाए जिससे लोगों को जानकारी होने पर वह रात्रि में आकर ठहर सके। नगर में मुख्य स्थलों पर अलाव जलाए जाने का भी निरीक्षण करते हुए सत्यापन किया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जिला अस्पताल का भी औचक निरीक्षण करते हुए अस्पताल में रात्रि में अलाव जलाए जाने एवं अस्पताल में बने रैन बसेरे को भी देखा। मौके पर रैन बसेरे पर ताला लगा मिला तथा अस्पताल में अलाव जाने की भी कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए निर्देशित किया गया कि सर्दी के मौसम में बाहर से आने वाले तीमारदारों के ठहरने के लिए रैन बसेरे में तत्काल व्यवस्था कराई जाए। शासन के निर्देश हैं कि कोई भी व्यक्ति खुले में नहीं सोने पाए इसके बावजूद भी अस्पताल में बनाया गया रैन बसेरा बंद होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही करने एवं सर्दी से बचाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। ईओ नगर पालिका को भी निर्देश दिए कि तत्काल अलाव जलाने की व्यवस्था भी कराई जाए। इस अवसर पर तहसीलदार सदर मनोज कुमार उपस्थित रहे।

## स्याना तहसील मै 15 तारीख को धरने को लेकर भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारीयो ने की बैठक



**इमरान सैफी बुलंदशहर :** बुलंदशहर क्षेत्र के गांव कलोली मै जिला उपाध्यक्ष शाह आलम उर्फ जाने के आवास पर भाकियू अराजनैतिक की एक बैठक आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता जिला महा सचिव नासिर प्रधान ने की व संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया जिसमे जिला अध्यक्ष इफ्तिखार चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की ये बैठक 15 तारीख को होने वाली स्याना तहसील मै पंचायत को लेकर की गई, पंचायत मै किसानों को हो रही समस्या व किसान के साथ हो रहे अत्यचार के खिलाफ पंचायत की जाएगी, जिसमे जिला अध्यक्ष ने बताया अधिकारियों के द्वारा किसानों के साथ गलत व्यवहार व किसान की न सुनवाई करना और अपनी मनमानी करना इन सबको देखते हुए अराजनैतिक संगठन आवाज उठाएगा जिसको लेकर जगह जगह मीटिंग आयोजित की जा रही है, और अभी से अनुरोध किया गया की ज्यादा से संख्या मै पंचायत मै पहुँचने का कष्ट करे, इस अवसर पर भाकियु जिला अध्यक्ष इफ्तिखार चौधरी व्यापार प्रकोष्ठ युवा बुलंदशहर, जिला उपाध्यक्ष शाह आलम उर्फ जाने, जिला महा सचिव नासिर प्रधान, नगर अध्यक्ष इरफान अली, वरिष्ठ कार्यकर्ता इमरान पहलवान सहित आदि लोग मौजूद रहे

## पंचायत सचिवालय पर लटका ताला, ग्रामीण परेशान

**आज का मुद्दा (अमित कुमार)**
**खानपुर :-** सरकार द्वारा ग्रामीणों ग्राम पंचायत स्तर पर सुविधा देने के उद्देश्य से लाखों रुपए खर्च कर ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण कराया गया है। जिससे सचिवालय में तैनात पंचायत सहायक ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर तुरंत समस्या को समाधान करा सके। इतना ही नही ग्राम पंचायत सचिवालय में गांव के लोगों को आय, जाति या अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। ग्राम पंचायत के कार्यों को आसान बनाने के लिए पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई है। ग्राम पंचायत सचिवालय पर ताला लटके होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के अमरपुर गांव में लाखों रुपए खर्च कर ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण कराया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत सचिवालय के संचालन के लिए पंचायत सहायक




को तैनात किया है। ग्रामीणों के अनुसार ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर सचिवालय पर पहुंचे है। लेकिन सचिवालय पर ताला लटका होने के कारण वह मायूस लौट आते हैं। ग्रामीणों ने बताया पंचायत सचिवालय पर अधिकांश ताला ही लटका रहता है। ग्राम पंचायत सचिवालय पर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में ग्रामीणों को अपने आय, जाति, मूल निवास के साथ साथ अन्य सरकारी योजनाओं को लेकर के लिए ब्लाक और तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।ब्लॉक क्षेत्र के अधिकांश पंचायत सचिवालय में नियमित रूप से पंचायत सहायक नहीं बैठने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। इतना ही नही ग्राम पंचायत अधिकारियों की मिली भगत से पंचायत सहायक घर बैठे मानदेय ले रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक यहां कोई नहीं बैठता है। इस संबंध में ग्राम प्रधान गोविंद सैनी ने बताया कि सचिवालय पर प्रतिदिन पंचायत सहायक बैठता है। वह किसी कार्य से कस्बा स्याना गया हुआ है। इसलिए सचिवालय पर ताला लगा हुआ है।

## खानपुर थाना पुलिस पर भ्रष्टाचार का आरोप, दो दिन से थाने में डटी भाकियू

**आज का मुद्दा (अमित कुमार)**
**खानपुरः-** थाना पुलिस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए थाने में भाकियू का धरना दूसरे दिन भी अनवरत जारी रहा। भाकियू के नेतृत्व में किसान कड़ाके की ठंड में अलाव जलाकर अनिश्चितकालीन धरने पर थाना परिसर में बैठे हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिला अध्यक्ष राकेश लोधी ने कहा कि कस्बा स्थित मौहल्ला हरिजन बस्ती से एक किसान की भैंस की चोरी हो चुकी है, लेकिन थाना पुलिस सुनने को तैयार नहीं है। कहा कि थाना परिसर के पीछे एक किसान का घर है, जिसमे पशु रहते हैं। पशुओं द्वारा आवाज करने पर प्रभारी निरीक्षक किसान को थाने में बुलाकर धमकाते हैं और पशुओं को थाने में बंधवाने की बात कहते है। दलालो का थाने में बोल-बाला है, जिस कारण थाना भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया हैं। थाना पुलिस की मिलीभगत से क्षेत्र में अवैध जुआ, अवैध शराब, अवैध खनन आदि अवैध कारोबार





के धंधे फल-फूल रहे हैं। इतना ही नहीं भाकियू ने पुलिस-प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की गई। हीरालाल शर्मा ने कहा कि थाने में भ्रष्टाचार चरम पर है। थाना पुलिस तानाशाही रवैया अपना कर किसान मजदूरों को परेशान कर अवैध उगाही कर रही है। कहा कि थाना पुलिस खनन माफियाओं से मिलकर अवैध खनन करा रही हैं। थाना पुलिस बिना साठगांठ कोई काम नहीं करती। मुखबिरों के इशारे पर कार्रवाई तय की जाती है। वहीं नेताओं के फोन से निर्दोष लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। जब तक पुलिस उनकी शर्तों को मान नहीं लेती, तबतक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

## 500 युवा उद्यमियों को स्थापना दिवस पर दिया जाएगा ऋण

**(अंकुरित ओझा) गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 24 जनवरी को प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेश भर के 25000 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जाएगा। जिले में 500 लाभार्थियों को ऋण वितरित करने का लक्ष्य है। इसके संबंध में मंगलवार को विकास भवन में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक प्रतिनिधि और कौशल विकास मिशन बड़ी संख्या में आवेदन करने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2024-25 ने 4000 आवेदन करने का लक्ष्य दिया गया था पर अभी तक महज 63 लोगों ने आवेदन किया है। जिलाधिकारी ने योजना से जुड़े सभी अधिकारियों को बड़ी संख्या में आवेदन करने के निर्देश दिए हैं।

## विक्टिम कार्ड खेलना बंद करें आतिशी, रमेश बिधूड़ी ने फिर पूछा सवाल

**(के0जी0 शर्मा) दिल्ली।** कालकाजी सीट से भाजपा के प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी की ओर से मुख्यमंत्री आतिशी के पिता के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी से राजनीतिक पारा चढ़ गया है। भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने एक बार फिर मुख्यमंत्री आतिशी को घेरा है। उन्होंने कहा कि आप विक्टिम कार्ड खेलना बंद करे। अफजल गुरू को लेकर अपना रूख पहले साफ करें। इस मामले पर पहले ही आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा को महिला विरोधी करार दिया है। दिल्ली चुनाव की तारीखों से पहले आज कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने कहा कि जल्द ही दिल्ली की जनता आप-दा को सत्ता से बाहर भेजने वाली है। आप विक्टिम कार्ड का इस्तेमाल कर रही है। जबकि वह जानते हैं कि उनका पदार्फाश होने वाला है। मुख्यमंत्री मगरमच्छ के आंसू बहा रही हैं। लेकिन उन्हें पहले साफ करना चाहिए कि क्या वह अपने पिता के अफजल गुरू पर दिए गए बयान का समर्थन करती हैं।

## नेपाल में 7.1 तीव्रता के भूकंप से हिला लखनऊ, यूपी के कई भागों में दिखा असर

**(के0जी0 शर्मा) लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार की सुबह भूकंप महसूस किए गए। तेज भूकंप के झटकों से कई लोगों की आंख खुली। 10 सेकेंड से अधिक समय तक धरती हिली दिखी। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कड़ाके की ठंड के बीच भूकंप के झटकों ने मुश्किलों से भर दिया। घरों को हिलता देख बाहर निकले लोगों को ठंडी हवाओं और कोहरे का सामना करना पड़ा। लखनऊ से गोरखपुर तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसके अलावा वाराणसी, भदोही, चंदौली, जौनपुर से भी भूकंप के झटके लगने की जानकारी सामने आई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भूकंप का केंद्र नेपाल में गोकर्णेश्वर से 3 किलोमीटर दूर था। नेपाल के लोबुचे से 84 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में तिब्बत में भूकंप आने की जानकारी सामने आ रही है। भूकंप के केंद्र की गहराई धरती से 10 किलोमीटर नीचे थी। भूकंप की तीव्रता 7.1 मैग्नीट्यूड बताई जा रही है। इसका असर पूरे लखनऊ से लेकर अन्य जिलों में महसूस किया गया।

## बिना परमिशन के खनन करने वाले डंपर को किया सीजः नायब तहसीलदार



**आज का मुद्दा-बुलंदशहर:** शिकारपुर में खनन माफिया के हौसले बुलंद। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मुमरेजपुर के जंगल में अवैध रूप से डंपर और जेसीबी के माध्यम से किया जा रहा था अवैध मिट्टी खनन डिबाई एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार डिबाई लेविन कुमार को मौके पर भेज कर अवैध मिट्टी खनन करने वाले डंपर को लिया कब्जे में जेसीबी मौके से हुई फरार नायब तहसीलदार ने खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है वहीं डंपर को कब्जे में लेकर सीज कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है। नायब तहसीलदार ने बताया है कि बिना परमिशन के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मुमरेजपुर गांव से डंपर द्वारा मिट्टी डाली जा रही थी जिसको मौके पर पहुंचकर डंपर को कब्जे में लेकर अहमदगढ़ थाने में पुलिस के सुपर्द करते हुए डंपर को सीज किया गया है। डंपर में मिट्टी भरी हुई। नायब तहसीलदार की इस बड़ी कार्रवाई से खनन माफियाओं में खलबली मची हुई है।

## अलीगढ़ क्षेत्र के बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ में एक के लगी गोली दूसरा गिरफ्तार

**आज का मुद्दा बुलंदशहर।** खुर्जा के परौरी चौराहे से कपना की ओर जाने वाली नहर की पटरी मोड़ पर जहांगीरपुर पुलिस, खुर्जा नगर और स्वाट टीम की संयुक्त रूप से अलीगढ़ के दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से तमंचे, बाइक और आभूषण बरामद किए हैं। सीओ०खुर्जा विकास प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि सोमवार की रात जहांगीरपुर पुलिस व स्वाट टीम मांचड़ नहर चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिनको रोकने का प्रयास किया। बदमाशों ने बाइक को तेजी से मोड़कर भागने का प्रयास किया। कंट्रोल रूम को दी गई





सूचना के आधार पर खुर्जा जंक्शन चौकी पुलिस टीम बदमाशों की तलाश करने लगी। पुलिस से खुद को घिरता देख बदमाशों ने अपनी बाइक परौरी चौराहे से कपना की ओर जाने वाली नहर पटरी पर मोड़ दी। हड़बड़ाहट में बदमाशों की बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की ओर से जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसको और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश ने अपना नाम फिरोज उर्फ रिन्कू पुत्र छोटे खां निवासी बी०हमदर्द नगर जमालपुर थाना सिविल लाइन जनपद अलीगढ़ बताया। वहीं, अन्य साथी ने अपना नाम आसिफ पुत्र आबाद निवासी ग्राम जामुनका थाना चण्डौस जनपद अलीगढ़ बताया। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भेजा गया है। सीओ ने बताया कि दोनों बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे हैं। उन्होंने 04 दिसंबर को थाना जहांगीरपुर क्षेत्रान्तर्गत एक महिला के साथ लूट की घटना की थी जिसके संबंध में थाना जहांगीरपुर पर मुकदमा दर्ज है। उनकी गिरफ्तारी के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। बदमाशों के पास से दो तमंचा, दो खोखा व दो जिंदा कारतूस, एक अपाचे बाइक, एक कुंडल और 1000 रुपये बरामद किए हैं।

## ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत, ग्राम प्रधान पर लगाया अवैध रूप से कब्जे का लगाया आरोप

**आज का मुद्दा (अमित कुमार) खानपुर :-** क्षेत्र के गांव जवासा में कुछ असमाजिक तत्वों ने ग्राम प्रधान से मिलीभगत कर तालाब की सरकारी जमीन पर बी.आर. आंबेडकर का बोर्ड लगाकर अवैध रूप से कब्जे का प्रयास किया। समाचार मिलने पर दर्जनों ग्रामीणों ने हंगामा किया। ग्रामीणो का आरोप है ग्राम प्रधान निजी स्वार्थ वश कुछ लोग से सांठ गांठ कर कब्जा करना चाहते है। मंगलवार सुबह गांव के तालाब



की सरकारी जमीन पर कुछ लोगो ने बी.आर आंबेडकर के नाम का बोर्ड लगा दिया। जिसकी सूचना गांव में दूसरे पक्ष को मिली। सूचना पर गांव के दर्जनों लोग तालाब पर आ गए और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कुछ लोग तालाब की जमीन पर महापुरुषों के फोटो की आड़ में अवैध रूप से कब्जा करना चाहते है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी स्याना गजेन्द्र सिंह ने बताया कि हंगामे की सूचना पर थाना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को सामझा कर शांत किया गया। ग्राम प्रधान रामावतार का कहना है कि बिना प्रशासन के अनुमति के उक्त बोर्ड को लगा दिया गया था। बाद में बोर्ड पर पेंट करा कर लोगो शांत किया गया है। पुलिस द्वारा गांव में सतर्कता की दृष्टि रखी जा रही है।

## विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

**आज का मुद्दा बुलंदशहर ।** विकास खण्ड जहांगीराबाद में उत्तर प्रदेश कल्याण खेल लीग के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन विकास खण्ड अधिकारी सृष्टि पाठक व ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस प्रतियोगिता में विकास खण्ड जहांगीराबाद क्षेत्र के अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 100 मीटर व 400 मीटर दौड़, कबड्डी, गोला फैक आदि खेल आयोजित कराएं गए। जिसको लेकर ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान ने बताया की विकास खण्ड जहांगीराबाद में स्थित रामेश्वरी देवी नेत्र पाल सिंह खालौर स्टेडियम में आज विकास खण्ड द्वारा इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के अनेको खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है ऐसे खेलो के आयोजनों से हम सब



काफी उत्साहित है क्यूंकि विजेताओं खिलाड़ियों को आने बाले समय में बड़े स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा जिससे वह आगे चलकर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकेंगे साथ ही उन्होंने यह भी बताया की अब से पूर्व इस स्टेडियम खेलकर अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए अपनी पहचान बना चुके है। इसलिए रामेश्वरी देवी नेत्र पाल सिंह खालौर स्टेडियम में खेलने बाले प्रत्येक खिलाड़ी के साथ मेरी उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं हैं। स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता को लेकर विकास खण्ड अधिकारी ने बताया की आज विकास खण्ड द्वारा होने बाली प्रतियोगिता का आयोजन रामेश्वरी देवी नेत्रपाल सिंह खालौर स्टेडियम में कराया जा रहा है जिसमे तमाम प्रकार के खिलाड़ियों के खेलने की पूर्ण व्यवस्था भी उपलब्ध है इसलिए आने बाले समय में इस स्टेडियम द्वारा अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी देखने को मिलेंगे जिससे हमारे देश का नाम रोशन होगा।

## भारतीय जनता पार्टी ने किया "संविधान गौरव अभियान" का शुभारंभ

गाजियाबाद : भारतीय जनता पार्टी ने संविधान के प्रति जागरूकता और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से "संविधान गौरव अभियान" का शुभारंभ किया। भाजपा उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में यह अभियान 11 से 25 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा ने अभियान संयोजक सुशील गौतम, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, मोर्चा अध्यक्षों, महामंत्रियों और महानगर पदाधिकारियों की उपस्थिति में योजना बैठक में विस्तृत जानकारी दी।

संजीव शर्मा ने बताया कि यह अभियान संविधान के आदर्शों को मजबूत करने और समाज के हर वर्ग को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। अभियान में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को सम्मानित




करते हुए उनके विचारों को फैलाने का संकल्प लिया गया है।

अभियान की प्रमुख विशेषताएंः

1. बैठकों का आयोजनः

6-7 जनवरी को जिला स्तरीय बैठक और 8-9 जनवरी को मंडल स्तरीय बैठक आयोजित होगी।

9-10 जनवरी को मोर्चों की जिला स्तरीय बैठकें होंगी, जिनमें संविधान के मूल्यों पर चर्चा होगी।

2. विशेष कार्यक्रमः

12-15 जनवरी को प्रदेश के विभिन्न जिलों में सम्मेलन आयोजित होंगे, जिनमें सरकारी योजनाओं और पार्टी के प्रयासों की जानकारी दी जाएगी।

15-25 जनवरी के दौरान सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किए जाएँगे।

18-25 जनवरी तक युवा मोर्चा द्वारा संविधान जागरूकता रैली निकाली जाएगी।

20-25 जनवरी के बीच अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में विशेष रैलियाँ आयोजित की जाएंगी।

## पन्नीवाला मोटा में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 9 व 10 जनवरी को आयोजित

सिरसा/कालांवाली नेहरू युवा केंद्र सिरसा के तत्वावधान में ओलम्पिक फुटबॉल एवं स्पोर्ट्स युवा क्लब पन्नीवाला मोटा के द्वारा खंड ओढ़ा में खंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नेहरू युवा केंद्र की तरफ से खंड बड़ागुढ़ा और खंड ओढ़ा का यह संयुक्त कार्यक्रम है जो गांव पन्नीवाला मोटा में 9 व 10 जनवरी 2025 को नेहरू युवा केंद्र में जिलाधिकारी पूनम कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा है। यह जानकारी देते हुए युवा क्लब के अध्यक्ष संदीप बादल व राष्ट्रीय युवा सेवक मनप्रीत ने इन खेलकूद प्रतियोगिताओं में युवाओं को बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इन प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं। लड़कों के लिए 400 मीटर दौड़, वालीबाल एवं लंबी कूद तथा लड़कियों के लिए खो-खो 400 मीटर दौड़, लंबी कूद का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों को नेहरू युवा केंद्र की तरफ से स्मृति चिन्ह, मैडल, प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## बेहतर करियर चाहिए तो इन बातों का रखें ध्यान, कामयाबी कदम चूमेगी!

एक अच्छा करियर ऑप्शन बेहतर भविष्य की सीढ़ी की तरह होता है. अच्छे परफॉर्मेंस की रेस और बोर्ड परीक्षा में स्कोर करने के लिए एक छात्र को कितनी मेहनत करनी पड़ती है, इसका फल तभी मिलेगा जब वह सही करियर का रास्ता चुने, लेकिन इसे कैसे किया जाए, यह एक बड़ा सवाल बन जाता है. आइए आज हम आपको ऐसे जरूरी टिप्स के बारे में बता रहे हैं जो 12वीं क्लास पास करने के बाद एक बेहतर करियर विकल्प चुनने में आपकी मदद कर सकते हैं.

### सोचकर रिसर्च करें

12वीं क्लास के बाद अपना करियर चुनने से पहले अपनी रूचि पर ध्यान दें. अब जब आपकी बोर्ड परीक्षा खत्म हो चुकी है, तो उस विशेष विषय के बारे में सोचें जो आपको सबसे ज्यादा पसंद हो. आप साइंस स्ट्रीम, कॉमर्स या ह्यूमैनिटीज में हो सकते हैं लेकिन एक ऐसा विषय होना चाहिए जिसे आप खुद से पढ़ते हों, उस एक विषय को ढूंढते हैं और जानकारी जुटाते हों. सबसे पहले उस विषय के बारे में सोचें और तब भविष्य में उस ऑप्शन के स्कोप पर विचार करें और रिसर्च करें.

### सलाह भी जरूरी है

अगर आप किसी खास विषय में करियर बनाने का मन बना रहे हैं. उस विषय में आगे बढ़ने से पहले अपने माता-पिता, दोस्तों, आस-पड़ोस के शिक्षित लोगों और अपने टीचर से बात करें. उनकी सलाह ले सकते हैं. जो भी डाउट्स हैं उन्हें क्लियर करें और तब करियर का चुनाव करें.

### कोर्स से जॉब तक के लिए मार्केट रिसर्च करें

करियर का चुनाव करने से पहले मार्केट रिसर्च अच्छा ऑप्शन है. आप जिस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं, उसके बारे में पूरी जानकारी ले लें जैसे उसकी पढ़ाई कहां-कहां से हो सकती है, कहां कितनी फीस ली जा रही है, उस कोर्स के बाद क्या और कहां जॉब ऑप्शन्स हैं, फ्यूचर में इसका कितना स्कोप है आदि.

### भेड़ चाल से बचें

अकसर छात्र दोस्तों या परिवार के किसी सदस्य से इन्फ्लुएंस होकर भेड़ चाल यानी दोस्तों के पीछे-पीछे बेहतर करियर की तलाश में निकल पढ़ते हैं. कई बार ये आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है लेकिन इससे अच्छा है कि आप खुद पर विश्ववास रखें और अपनी योग्यता, क्षमता, रूचि और ज्ञान के आधार पर सही करियर का चुनाव करें.

### पसंद-नापसंद की लिस्ट बनाएं

उन चीजों की लिस्ट बनाएं जिन्हें आप पसंद और नापसंद करते हैं. उदाहरण- आपको कौन से विषय सबसे ज्यादा पसंद हैं, क्या आप आर्ट्स में रुचि रखते हैं, क्या आप साहसी हैं, क्या आप कंप्यूटर और प्रोग्रामिंग आदि में रुचि रखते हैं. अपनी पसंद और नापसंद के आधार पर अपने लिए सही करियर चुनें.

### शॉर्ट-टर्म कोर्स कर सकते हैं

अगर आप किसी विषय में परफेक्ट हैं और उसी से संबंधित फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं तो शॉर्ट टर्म कोर्स भी अच्छा ऑप्शन है. इन दिनों कई टॉप कॉलेज छात्रों के लिए शॉर्ट टर्म कोर्स में एडमिशन देते हैं. आपको सिर्फ थोड़ा सर्च करने की जरूरत है.




# नौकरी चाहिए तो ऐसे बनाएं सोशल मीडिया प्रोफाइल

आजकल नौकरी पाने के लिए सिर्फ आपका ज्ञान और स्किल्स ही काफी नहीं है, सोशल मीडिया पर आपकी पोस्ट भी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है। आपने अपने फेसबुक पर क्या लिखा या ट्विटर पर कैसे ट्वीट किए या आपकी लिंक्डइन प्रोफाइल आपके बारे में क्या कहती है। आप सोशल मीडिया पर कैसे लोगों के संपर्क में हैं, लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं, अब कंपनियां ये सब भी नौकरी देने से पहले देख रही हैं। आज सोशल मीडिया के जरिए किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और उसके नजरिये के बारे में पता लगाना बहुत आसान हो गया है। यही वजह है कि मल्टीनेशनल और स्टार्टअप कंपनियां नौकरी पर रखने से पहले आवेदक के प्रोफाइल को परखती हैं। इससे उन्हें अंदाजा लग जाता है कि आवेदक उनकी कंपनी में फिट बैठता है या नहीं।

### सोशल मीडिया पर सकारात्मक छवि होना जरूरी

इन सोशल मीडिया प्रोफाइल से कंपनियों को आवेदकों की रूचि, उसकी प्राथमिकताएं और विश्वसनीयता के बारे में पता चलता है, जिस आधार पर उनके लिए आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करना आसान होता है। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आपको बेहतर नौकरी मिले, तो ज्ञान के साथ-साथ सोशल मीडिया पर आपकी सकारात्मक छवि भी होनी चाहिए। करीब 30 फीसदी कंपनियां आवेदकों की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर यह देखती हैं कि अन्य लोग आवेदकों के बारे में क्या राय रखते हैं। सोशल मीडिया पर किए गए एक सर्वे में शामिल 60 फीसदी नियोक्ताओं ने उम्मीदवारों की ऑनलाइन मौजूदगी को परखने के बाद उन्हें खारिज कर दिया। इसका बड़ा कारण था उम्मीदवार के ऑनलाइन प्रोफाइल और रेज्यूमे में दी गई शैक्षिक योग्यता में अंतर। आवेदन के खारिज होने का बड़ा कारण था, पिछली कंपनी या अपने स्कूल-कॉलेज को बुरा बताने वाले पोस्ट डालना। इसके अलावा यह ध्यान रखें कि आप जिस कंपनी में काम करने जा रहे हैं, उसके बारे में कहीं भी बुरा न कह रहे हों।

### सोच-समझकर सोशल मीडिया पर करें पोस्ट

वैसे तो सोशल मीडिया साइटों पर आम तौर पर लोग अपनी फोटो और अपने अनुभव शेयर करते है। लेकिन, सोशल मीडिया पर ऐसी फोटो कभी शेयर ना करें जिसके कारण आपकी नकारात्मक छवि प्रस्तुत हों। आप सोशल साइट पर आपकी हॉबी या पसंदीदा चीजों से जुड़ी फोटो शेयर कर सकते हैं। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान देते रहें कि कोई व्यक्ति किसी अश्लील तस्वीर या पोस्ट से आपको टैग तो नहीं कर रहा। इससे आपकी संगत और माहौल का अंदाजा लगाया जाएगा।

### सोशल साइटों पर प्रोफेशनल दिखें

फेसबुक और लिंक्डइन पर आमतौर व्यक्ति की पहचान उसका फोटो देखकर ही की जाती हैं तो आप इसमें वही फोटो डाले जिसमें आप फार्मल लुक में हो। आपकी फुल शॉट तस्वीर से अच्छा है हेड शॉट वाली तस्वीर डालें, वो भी मुस्कराते हुए। आप प्रोफेशनली कैसे दिख रहे हैं, यह पता करने के लिए आप फोटोफीलर नाम की एक साइट पर अपनी फोटो अपलोड करें। इससे फोटो में आप आत्मविश्वाशी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में नजर आ रहे हैं या नहीं, यह पता लग जाएगा।

### इंटरनेट पर आप किस तरह से हो रहे प्रस्तुत

नौकरी के लिए आवेदन देने की प्रक्रिया के दौरान या उससे पहले एक बार आप अपने नाम को गूगल पर सर्च करके देखे कि गूगल आपके नाम के बारें में क्या दिखाता है। नियोक्ता की नजर से आपकी अपने बारे में क्या राय बन रही है और संबंधित नौकरी के लिए आप खुद को हायर करेंगे या नहीं, इन सवालों का जवाब ढूंढें। जवाब 'न' में हो तो कारणों की सूची बनाएं। हो सकता है आपके पोस्ट गलत विचारधारा को प्रकट कर रहे हों या आपके दोस्त आपकी वॉल पर अनुचित तस्वीरें या अनुचित कमेंट डाल रहे हों। इसके लिए अपनी सेटिंग बदलें और दोस्तों से कहें कि वे ऐसी पोस्ट न डालें। नियोक्ता को आपकी प्रोफाइल कैसी दिख रही है, इसके लिए अपने फेसबुक पेज के ऊ पर दाएं कोने पर जाएं और प्रिव्यू माई प्रोफाइल पर जाकर देखें। आप चाहें तो अपने मुताबिक सेटिंग को एडिट भी कर सकते हैं। वैसे तो अधिकतर नियोक्ता उम्मीदवार को परखने के लिए उनके लिंक्डइन प्रोफाइल पर जाते हैं, पर कई बार क्षेत्र के हिसाब से भी दूसरी साइट पर आपकी मौजूदगी को भी परखते हैं। जैसे, अगर कोई डिजाइनर है तो उसकी पिनट्रेस्ट या टम्बलर प्रोफाइल को परखा जाता है, अगर कोई व्यक्ति मॉडल है तो उसके इंस्टाग्राम को परखा जाता है, वहीं निजी पृष्ठभूमि को जानने के लिए कंपनी फेसबुक प्रोफाइल को देखना पसंद करती है।

### ऐसा होना चाहिए लिंक्डइन प्रोफाइल

लिंक्डइन अपने करियर क्षेत्र और पेशे से जुड़े पेशेवर लोगों से नेटवर्क बनाने का अच्छा जरिया है। अपने करियर क्षेत्र से संबंधित ग्रुप जॉइन करें। लिंक्डइन के मानदंडों के हिसाब से चलें। यदि आप चाहते हैं कि नियोक्ता, बॉस, या सहकर्मी आपके निजी ब्लॉग या पोस्ट को न देख पाएं तो इसके लिए सेटिंग पर जा कर लिंक्डइन प्रोफाइल में 'फीड' के सिंक ऑप्शन को अनचेक कर दें। लिंक्डइन पर डाले गए रेज्यूमे को बहुत से लोग देखते हैं। इसलिए जो सच है, वही लिखें। हाल की फोटो डालें। फॉर्मल ड्रेस में हेड शॉट डालें। अपने लिंक्डइन यूआरएल को छोटा रखें, जिससे गूगल पर आपके लिंक्डइन प्रोफाइल को ढूंढ़ना आसान हो। इसके लिए आप लॉगिन करें, अकाउंट और सेटिंग्स पर जाकर पब्लिक प्रोफाइल पर क्लिक करें और पेज पर यूआरएल एडिट करने का विकल्प चुने।

यदि आप फेसबुक प्रोफाइल को पेशेवर नेटवर्किंग के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं तो अपने प्रोफाइल में जरूरी बदलाव करने के लिए तैयार रहें। इसका मतलब है आपको कुछ कमेंट के साथ-साथ तस्वीरें हटानी होंगी, जो आपकी पेशेवर जिंदगी के लिहाज से ठीक न हों। अगर आपको पार्टी करना पसंद है और नहीं चाहते कि भावी बॉस आपकी पर्सनल प्रोफाइल देखें तो सारी प्राइवेसी सेटिंग में 'फ्रेंड्स ओनली' का ऑप्शन चुनें और कौन आपके प्रोफाइल को देखेगा, इसके प्रति सेलेक्टिव रहें। फेसबुक पर प्राइवेसी सेटिंग बदलें, ताकि यह तय हो सके कि आपके पेज को कौन देखेगा। इससे नियोक्ता भी आपसे एड हुए बिना आपकी प्रोफाइल को नहीं देख पाएंगे। इसके अलावा सेटिंग में बदलाव करें, ताकि लोग आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अनुचित पोस्ट न डाल सकें। अगर आपने कहीं काम किया है और उस संस्था से जुड़े लोग आपकी फ्रेंडलिस्ट में हैं तो कस्टम सेटिंग का विकल्प चुन कर उन्हें अपनी निजी पोस्ट देखने से रोक सकते हैं।




## कम लागत से शुरू कर सकते हैं ये बिजनेस

स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं।

आजकल स्टार्टअप का जमाना है। हर कोई नौकरी की बजाए अपना खुद का कोई बिजनेस करना चाहता है। स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं। हम यहां जिन कामों के बारे में बताने जा रहे हैं उनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें महज 50,000 रुपए की लागत से शुरू किया जा सकता है। इनवेस्टमेंट के हिसाब से इन कामों को बढ़ाया भी जा सकता है।

### पुरानी कारों की डीलरशिप

भारत में कारों का बिजनेस खूब बढ़ रहा है ऐसे में नई कारों की डीलरशिप के साथ-साथ सेकंड हैंड कारों का बाजार भी डिमांड में है। आप पुरानी कारों की डीलरशिप का बिजनेस शुरू कर सकते हैं। डीलरशिप के अलावा इसमें आप कमिशन भी कुछ कमा सकते हैं। बशर्ते आप को क्लांइट को ढूंढ़ना होगा और उनको डील करानी होगी।

### आइस क्रीम पार्लर

आइस क्रीम पार्लर भी एक बढ़िया निवेश है। सर्दियों के मौसम को छोड़ दें तो ये हमेशा मांग में रहता है। इसके लिए आपको बस एक फ्रीजर खरीदना होता है या फिर आप आइसक्रीम कंपनियों की फ्रेंचाइजी भी ले सकते हैं। इनमें क्वालिटी वडीलाल जैसी बड़ी आइसक्रीम कंपनियां शामिल हैं और ये कंपनियां आइसक्रीम बिक्री का 10-20 फीसदी तक कमीशन के रुप में देती हैं।

### ड्राइविंग स्कूल

ड्राइविंग स्कूल शुरू करना एक बेहतरीन आयडिया है और देश में गाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ये बिजनेस कभी भी घाटे में नहीं रहने वाला। शहरों में तो आजकल एक भी ऐसा शख्स नहीं मिलेगा जो ड्राइविंग नहीं सीखना चाहता हो। इसके लिए आपको सिर्फ एक गाड़ी की जरुरत पड़ती है जो कि आप सेकेण्ड हैंड भी खरीद सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कुछ ड्राइविंग स्कूल चलाने वाले लोग एक दिन में 8 से 10 हजार रुपए तक कम लेते हैं। इसके लिए आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव होना जरूरी है या फिर आप किसी दूसरे आदमी से भी क्लासेज दिलवा सकते हैं।

### मोबाइल गैरेज

शहरों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी कारों की संख्या में तेजी से बढ़ात्तरी हो रही है। आम वाहनों की तरह कार में भी खराबी आना आम समस्या है। ऐसे में कार के मालिक को जरूरत होती कि कार जहां खड़ी है वहीं पर कोई मैकेनिक आकर कार रिपेयर कर जाए। ऐसे में यदि आप कार- ऑटो रिपेरिंग का थोड़ा बहुत अनुभव रखते हैं तो लोगों को मोबाइल गैरेज की सर्विस दे सकते हैं। इसके लिए आपको जरूरी है एक सेकंड हैंड बाइक और एक टूल बॉक्स जोकि दोनों में 50 हजार तक में आ जाएंगे। अपने साथ आप एक हेल्पर या मैकेनिक रखें तो बेहतर होगा। मोबाइल गैरेज के जरिए आप 2 से 5 हजार रुपए तक रोज कमा सकते हैं।

## एजुकेशन लोन डिफॉल्ट छात्रों का क्रेडिट स्कोर हो सकता है खराब

सब्सिडी या कम ब्याज पर दिए गए एजुकेशन लोन में बढ़ रहे डिफाल्ट के मामलों के बारे में क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी सिबिल कहा कि इस तरह की डिफॉल्ट हिस्ट्री छात्रों के क्रेडिट स्कोर पर विपरीत असर डाल सकती हैं जो कि उनकी ओर से भविष्य में लिए जाने वाले किसी अन्य लोन में मुसीबतें पैदा करेगा।

कम राशि में डिफॉल्ट के मामले ज्यादा

सिबिल ने बताया कि एजुकेशन लोन पर इस तरह के डिफॉल्ट मामले करीब 5 फीसदी हैं, जिनमें 90 दिनों से ज्यादा का ड्यूज है। कम ब्याज दरों पर 4 लाख से कम राशि के लोन के डिफॉल्ट के मामले (8.1 फीसदी) लंबी राशि के लोन के मुकाबले ज्यादा हैं। अन्य श्रेणियों के लिए तुलनात्मक डिफॉल्ट दरें हैं, 4 से 5 लाख के लिए 48 फीसदी और 5 से 15 लाख के लिए 2.1 फीसदी। वहीं 15 लाख के ऊपर की राशि के बड़े लोन पर डिफॉल्ट के मामले करीब 1 फीसदी हैं।

क्या होता है क्रेडिट स्कोर

आपका क्रेडिट स्कोर दरअसल आपकी ओर से पूर्व में लिए गए लोन और उसके चुकाने का ब्योरा भर होता है। बैंक आपके लोन की अर्जी को आपका क्रेडिट स्कोर चेक करने के बाद ही मंजूर करता है। अगर, अपका क्रेडिट स्कोर बेहतर है तो बैंक आपको आसानी से लोन मुहैया करा देते हैं।

क्या होता है क्रेडिट स्कोर और इसे कौन देता है

क्रेडिट स्कोर तीन अंको की एक संख्या होती है, जो 300 से 900 के बीच होती है। क्रेडिट स्कोर जितना अधिक होता है, उसे उतना ही बेहतर माना जाता है। एक डिफॉल्ट करने पर भी क्रेडिट स्कोर कमजोर हो सकता है। 79 फीसदी व्यक्तिगत लोन 750 से ज्यादा के स्कोर पर ही अप्रूव किए जाते हैं। क्रेडिट इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड क्रेडिट स्कोर देता है।

घर बैठे चेक करें अपना क्रेडिट स्कोर

आप सिबिल की वेबसाइट पर जाइए। यहां आपको एक फॉर्म भरना होगा। आपको शुल्क के रूप में 470 रुपए का भुगतान करना होगा। इसके बाद ऑथेन्टिकेशन के लिए आपसे पांच सवाल पूछे जाएंगे जिनमें से कम से कम तीन सवालों के सही जवाब आपको देने ही होंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद आप अपना क्रेडिट स्कोर देख सकते हैं।



## पाकिस्तानी आतंकी हैंडलर की प्रॉपर्टी सीज

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में पाकिस्तान में मौजूद आतंकी हैंडलर की प्रॉपर्टी सीज की। आतंकी का नाम मुबाशिर अहमद की है। पुलिस के मुताबिक अवंतीपोरा में पुलिस ने त्राल के पस्तून इलाके के सैयदाबाद में चार मरला जमीन सीज की। अवंतीपोरा पुलिस की जांच में दौरान मुबाशिर अहमद की पहचान आतंकी हैंडलर के तौर पर हुई। अहमद लोकल आतंकी नेटवर्क को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराता था।

## यूपी में ठंड से 25 मौतें

वाराणसी। यूपी में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। मंगलवार को 51 जिलों में कोहरा छाया है। वाराणसी समेत कई जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक पहुंच गई है। 30 की स्पीड से हवाएं चल रहीं। इससे गलन बढ़ गई है। ठंड के चलते प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 10 की जान गई है। 48 घंटे में मौत का आंकड़ा 25 है। कोहरे के चलते वाराणसी में 13, जबकि लखनऊ में 10 फ्लाइट्स देरी से आईं। ट्रेनों पर भी असर देखने को मिला। कानपुर और वाराणसी रेलवे स्टेशन आने वाली करीब 200 ट्रेनें 12 घंटे तक लेट रहीं। मौसम विभाग ने 40 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है। प्रयागराज और मुजफ्फरनगर में सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई।

## बर्फीली परिस्थितियों के कारण जम्मू और कश्मीर में बाद में उपचुनाव करवाये जायेंगे : ईसीआई

श्रीनगर/नई दिल्ली, । भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि वह बर्फीली परिस्थितियों के कारण जम्मू और कश्मीर में बाद में उपचुनाव कराएगा। ईसीआई ने कहा कि उनके पास चुनाव कराने के लिए अभी भी समय है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वे क्षेत्र में बर्फीली परिस्थितियों के कारण आज बडगाम और नगरोटा में उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं कर रहे हैं। सीईसी ने उल्लेख किया कि उनके पास चुनाव कराने के लिए 20 अप्रैल तक का समय है। उमर अब्दुल्ला ने 21 अक्टूबर को बडगाम सीट खाली कर दी थी जबकि देविंदर सिंह राणा के निधन के बाद 31 अक्टूबर को नगरोटा सीट खाली हो गई थी। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 151ए के अनुसार किसी भी रिक्ति को भरने के लिए उपचुनाव रिक्ति की तारीख से छह महीने के भीतर होना चाहिए। भाजपा द्वारा देविंदर सिंह राणा की बेटी देवयानी राणा को नगरोटा सीट से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है लेकिन इस बात को लेकर व्यापक उत्सुकता है कि बडगाम सीट के लिए एनसी का उम्मीदवार कौन होगा। एनसी ने अपने उम्मीदवार के बारे में कोई संकेत नहीं दिया है जिससे राजनीतिक पर्यवेक्षकों और मतदाताओं में समान रूप से दिलचस्पी पैदा हो रही है। 2024 के जम्मू-कश्मीर चुनावों में उमर अब्दुल्ला ने अलगाववादी नेता आगा हसन के बेटे मुंतज़िर मेहदी को 18,000 से अधिक मतों के अंतर से हराकर बडगाम सीट जीती थी। देविंदर सिंह राणा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के जोगिंदर सिंह को 30,472 मतों से हराकर नगरोटा सीट जीती थी।

## एचएमपीवी वायरस ने पसारा पैर, तमिलनाडु में मिले दो केस

चैन्नई। चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) बहुत तेजी से फैल रहा है। यह वायरस अब धीरे-धीरे भारत में पैर पसार रहा है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात और पश्चिम बंगाल के बाद तमिलनाडु में भी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के दो केस सामने आए हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि दोनों संक्रमितों की हालत स्थिर है। तमिलनाडु सरकार के डीआईपीआर ने बताया गया कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इसकी पहचान साल 2001 में की गई थी। आराम और अच्छी मात्रा में पानी पीने और उचित देखभाल से यह संक्रमण ठीक हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब तक कर्नाटक में दो, महाराष्ट्र में दो, गुजरात में एक, पश्चिम बंगाल में एक और तमिलनाडु में वायरस के दो मामले सामने आए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एचएमपीवी वायरस मुख्य रूप से पीड़ित व्यक्ति के श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। इसके लक्षण कई मामलों में कोविड-19 के समान ही होते हैं। ये वायरस मुख्य रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों को संक्रमित करता है। इस वायरस से संक्रमित मरीज में सबसे आम लक्षण खांसी है। इसके साथ हल्का बुखार, घरघराहट, नाक बहना या गले में खराश जैसे परेशानी भी हो सकती है। वायरस से संक्रमित होने के बाद कुछ मामलों में गंभीर लक्षण आ सकते हैं। सांस लेने में तकलीफ भी हो सकती है।

## युवक की बहादुरी देख लोग हुए हैरान : तेंदुए की पूंछ पकड़ी और पिंजड़े में डाल दिया

बेंगलुरु। कर्नाटक के तुमकुरु से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। तुमकुरु जिले के रंगपुरा गांव के निवासी आनंद कुमार ने एक खूंखार तेंदुए के आगे ऐसी बहादुरी दिखाई कि वन अधिकारी स्तब्ध रह गए। आनंद ने तेंदुए को पूंछ से पकड़ लिया और सुरक्षित रूप से पिंजरे में बंद कर दिया। बता दें कि शहरी इलाकों या बस्तियों में खूंखार जानवरों के घुस जाने से दहशत का माहौल हो जाता है। बीते अक्तूबर में उत्तर प्रदेश के बहराइच से ऐसा ही मामला सामने आया था। यहां के सुजौली थाना क्षेत्र के कतर्नियाघाट रेंज के अयोध्यापुरवा गांव में पिछले कुछ दिनों से एक तेंदुए का आतंक बना हुआ था। इस तेंदुए ने चार लोगों पर हमला किया, जिससे गांव के लोग डरे हुए और परेशान थे। लगभग 20 दिनों के बाद अयोध्यापुरवा गांव में खूंखार तेंदुए को आखिर पकड़ लिया गया है। वन विभाग ने तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया था। दरअसल, इलाके में तेंदुए के आ जाने की खबर से कई दिनों से दहशत का माहौल था। सोमवार को वह पुरलेहल्ली रोड पर कुमार के घर के पास दिखाई दिया। वन विभाग के अधिकारी जानवर को पकड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार थे। लेकिन जाल के साथ उनके प्रयास असफल साबित हुए। इस दौरान आनंद ने निडरता से कदम बढ़ाया, उसने तेंदुए को उसकी पूंछ से पकड़ लिया और उसे पिंजरे में कैद कर दिया। अपनी बहादुरी के लिए पूरे गांव में उसकी प्रशंसा हो रही है। वन अधिकारी उसके साहस से आश्चर्यचकित रह गए।

# 200 यूनिट फ्री बिजली और बुजुर्गों को 1500 रुपये पेंशन, बिहार में तेजस्वी ने किया ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कैमूर में अपनी कार्यकर्ता संवाद यात्रा के तहत 2025 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने पर उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि हम हर घर को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देंगे। हम वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह करेंगे। हमने 5 लाख लोगों को रोजगार दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह मेरा वादा है, जो राजद के सत्ता में आने पर पूरा किया जाएगा।

तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना करते हुए उन्हें एक ऐसा नेता बताया जो थका हुआ है और उनका दिमाग ठीक नहीं है। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार थक चुके हैं और रिटायर्ड अफसरों के सहारे सरकार चला रहे हैं। कोई भी निर्णय लेने लायक नीतीश कुमार अब नहीं रहे हैं। पूरी तरीके से हाईजैक हो रखे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पुलिस ने अपराधियों के आगे घुटने टेक दिए हैं। आज भी 156 अपराधों की सूची मैंने जारी की है।

तेजस्वी ने साफ तौर पर कहा कि अब नीतीश कुमार जी की साख नहीं रही है। प्रशांत किशोर को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि एक कहानी लिखी गई है जिसमें एक निर्देशक, निर्माता, फाइनेंसर, अभिनेता, वैनिटी वैन है, कौन ये करा रहे हैं किस वजह से करा रहे हैं ये हम जानते हैं। किसी को छात्रों से लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरी तरीके से एक फिल्म दिखाई जा रही है, एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश की जा रही है। जिससे हम अवगत हैं। ये भाजपा की बी टीम है।

## संसद में डॉ. भीमराव आंबेडकर पर टिप्पणी पर गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध परिवाद दायर

सुल्तानपुर। यूपी के सुल्तानपुर में मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध परिवाद दायर हुआ है। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने याचिका पर 15 जनवरी को सुनवाई की तारीख नियत की है। यह परिवाद अमित शाह द्वारा संविधान रचयिता डॉ भीमराव आंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी पर किया गया है। यह परिवाद धम्मौर थाना क्षेत्र के बनकेपुर सरैया निवासी रामखेलावन ने कराया है।



रामखेलावन ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 17 दिसंबर 2024 को सदन में डॉ. भीमराव आंबेडकर पर टिप्पणी की गई। कहा कि जिनकी बदौलत अमित शाह आज गृहमंत्री हैं, उन्हीं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की। जिनको करोड़ों गरीब मजदूर अपना भगवान मानते हैं, उससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इससे मेरी भी भावना आहत हुई है। बताया कि इसी को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ परिवाद दायर किया है। अधिवक्ता जयप्रकाश ने बताया कि अमित शाह ने लोकसभा में बाबा साहब आंबेडकर को लेकर अमर्यादित टिप्पणी किया था। उन्होंने बाबा साहब का अपमान किया। इसी बात को लेकर परिवादी राम खेलावन ने कोर्ट में परिवाद दायर किया है। परिवादी ने कोर्ट को बताया कि बीते 24 दिसंबर 2024 को बहुजन समाज पार्टी के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक को मिलकर दिया था। साथ ही उन्हें रजिस्टर डाक से भी कार्रवाई के लिए तहरीर भेजी थी। लेकिन, पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। तब हम न्याय के लिए कोर्ट आए हैं।

## बीपीएससी मामले की सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा-पटना हाईकोर्ट जाएं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) 70वीं प्रीलिम्स परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि यह मामला पटना हाईकोर्ट में सुलझाया जाना चाहिए। याचिका में परीक्षा रद्द करने और प्रदर्शन के दौरान कैंडिडेट्स पर लाठीचार्ज करने के लिए जिले के एसपी और डीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की और कहा कि याचिकाकर्ता को पटना हाईकोर्ट में अपील करनी चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने यह दावा किया कि पूरे देश ने देखा है कि बिहार पुलिस ने कैसे बेरहमी से प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज बरसाई, लेकिन कोर्ट ने कहा कि यह हाईकोर्ट का मामला है, आप वहीं जाएं। यह याचिका आनंद लीगल एंड फोरम ट्रस्ट की ओर से दायर की गई थी, जिसमें बीपीएससी परीक्षा के दौरान धांधली का आरोप लगाया गया। याचिका में पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में सीबीआई से कराने की भी मांग की गई थी। बीपीएससी परीक्षा की असमंजस स्थिति बीपीएससी 70वीं कंबाइंड सिविल सेवा परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन 20 सितंबर 2024 को जारी किया गया था। इस परीक्षा के लिए 1964 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जो बीपीएससी के इतिहास में सबसे बड़ी वैकेंसी मानी जा रही है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से परीक्षा को लेकर असमंजस की स्थिति बनी, क्योंकि पांच बार पदों को अपडेट किया गया और परीक्षा की तारीख को तीन बार बढ़ाया गया।

# डल्लेवाल ने मेडिकल सुविधा लेने से किया इनकार कहा- मेरी जान नहीं किसान है प्राथमिकता

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** बीते 42 दिनों से अनशन पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत बिगड़ गई है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी ने मुलाकात की। इस दौरान डल्लेवाल ने साफ कर दिया कि मेरे लिए मेरी जान नहीं किसान है पहली प्राथमिकता। किसानों का हित पहले है और सेहत दूसरे नंबर पर है। उन्होंने 42 दिनों से जारी अनशन ना तोड़ने पर अडिग रहने की बात कही। इसके अलावा अस्पताल जाकर मेडिकल सुविधा लेने के प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया। डल्लेवाल ने कहा कि मेरी प्राथमिकता कृषि सुधार है। मेरी जिंदगी और सेहत तो बाद की बात हैं। हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस नवाब सिंह, पूर्व डीजीपी बीएस संधू, अर्थशास्त्री बीएस घुम, कृषि एक्सपर्ट देविंदर शर्मा और पंजाब किसान आयोग के चेयरपर्सन सुखपाल सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने बातचीत के लिए तय कमेटी में शामिल किया है।

इस दौरान किसान डल्लेवाल की सेहत के लिए चिंतित दिखाई दिए। जस्टिस नवाब सिंह से एक किसान ने तो यहां तक अपील की कि आप लोग जल्दी से उन्हें राजी कर लेंगे, वरना हम लोग अपना नेता खो देंगे।



वहीं जब कमेटी के सदस्य मिलने पहुंचे तो डल्लेवाल ने अनशन तोड़ने या फिर स्वास्थ्य लाभ लेने से बिलकुल इनकार कर दिया। डल्लेवाल ने कहा, क्या मैं एक आग्रह कर सकता हूं? मुझे 42 दिन हो चुका है। यदि भगवान मेरे साथ हैं तो कुछ नहीं होगा। मेरी एक ही बात है कि यदि सरकार किसानों पर कुछ दया दिखाती है तो फिर मुझे यह सब करने की जरूरत ही नहीं है। सरकार को समय-समय पर अपने वादे पूरे करने चाहिए। मैं आप लोगों से अपील करता हूं कि सरकार से कहें कि हमारी मांगों को मान ले ताकि मुद्दों का समाधान हो सके।

कमेटी के मेंबर दोपहर को करीब सवा 3 बजे खनौरी बॉर्डर पहुंचे, लेकिन किसान नेता से महज 10 मिनट की ही बात हो सकी। वहीं सुप्रीम कोर्ट में भी सोमवार को सुनवाई हुई थी, जिसमें जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने कहा कि उम्मीद करते हैं कि कुछ हल निकल जाएगा। लेकिन किसान नेता के अड़ियल रुख के आगे किसी की चलती नहीं दिख रही। लंबी चली मशक्कत के बाद किसान नेता ने कमेटी से मुलाकात तो कर ली, लेकिन यह भी साफ कर दिया कि अनशन जारी रहेगा और मेडिकल सुविधा भी नहीं लेंगे। अनशन स्थल पर ही जस्टिस नवाब सिंह ने किसानों से भी बात की और फिर डल्लेवाल से मिलने के लिए टेंट सिटी पहुंचे।

### डल्लेवाल की लगातार बिगड़ रही सेहत

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत सोमवार शाम को 'बिगड़ गई' और उनका रक्तचाप गिर गया। प्रदर्शन स्थल पर मौजूद चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि डल्लेवाल का रक्तचाप 80/56 तक गिर गया है और इसमें उतार-चढ़ाव हो रहा है। डॉ. अवतार सिंह ने कहा, उनकी हालत बिगड़ गई है। उनका रक्तचाप तेजी से गिरा है। उनकी हालत देखकर हम चिंतित हैं। हम उन्हें कोई चिकित्सकीय सहायता नहीं दे सकते। गैर सरकारी संगठन '5 रिवर्स हार्ट एसोसिएशन' की टीम में शामिल सिंह ने कहा, हमने उनके पैर ऊपर किए जिसके बाद उनके रक्त प्रवाह में थोड़ा सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि डल्लेवाल के रक्तचाप में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

# बैठक से पहले ही बिगड़ी प्रशांत किशोर की तबीयत, एंबुलेंस से ले गए अस्पताल

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में जन सुराज पार्टी नेता प्रशांत किशोर की तबीयत खराब हो गई है उन्हें मेदांता अस्पताल ले जाया गया है। इससे पहले प्रशांत किशोर के आवास पर एंबुलेंस पहुंची, जिसमें उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बता दें, मंगलवार को प्रशांत किशोर के अनशन का छठा दिन है।

गौरतलब है कि प्रशांत किशोर ने मंगलवार को पटना के शेखपुरा हाउस में जन सुराज पार्टी की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में आगे की योजना पर चर्चा होनी थी। बैठक में तय किया जाना था कि प्रशांत अब अपना अनशन किस स्थान पर जारी रखेंगे, लेकिन उसके पहले ही उनकी तबीयत बिगड़ गई है, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मंगलवार सुबह ही पार्टी के सोशल मीडिया पेज पर एक पोस्ट शेयर की गई थी, जिसमें लिखा था- मामला तो गांधी मैदान में ही निपटेगा। सीएम नीतीश कुमार की जिद से बड़ी है बिहार के युवाओं की जिद। सुनिए नीतीश जी और बीजेपी यदि बिहार के स्वाभिमान को लाठियों के बल पर कुचलने का मुगालता पाल रखा है तो इस अहंकार को तोड़ना हर बिहारी का नैतिक दायित्व है और हाँ गाँधी मैदान याद रखिएगा!






प्रशांत किशोर ने बीपीएससी छात्रों के मुद्दे को लेकर अब सत्याग्रह का ऐलान किया है। एक्स पर उनकी टीम की ओर से एक पोस्ट शेयर किया गया है जिसमें लिखा- दम है कितना दमन में तेरे, देख लिया है देखेंगेज जगह है कितनी जेल में तेरे, देख रहे हैं देखेंगे। पुलिस कस्टडी से बाहर निकलते ही प्रशांत किशोर ने खुलकर अपनी बात कही। इस दौरान प्रशांत ने कहा कि दो घंटे पहले जिस प्रशांत किशोर को बिहार पुलिस पकड़ कर जेल ले गई थी, अब उसे ही रिहा कर दिया है। कोर्ट ने हमें अकंडिशनल बेल दिया है। मैं हमेशा कहता हूं कि जनबल के आगे कोई बल नहीं है। यह जनता के लिए किया गया सत्याग्रह का ही प्रभाव है।

## राहुल गांधी ने नहीं दिया जवाब, बरेली कोर्ट से दूसरा समन जारी; ओवैसी को भी पेश होने का आदेश

**बरेली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सांसद असदुद्दीन ओवैसी की ओर से बरेली के जिला जज न्यायालय से जारी समन का कोई जवाब नहीं दिया गया। मंगलवार को दोनों नेताओं के खिलाफ दायर रिवीजन याचिकाओं को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो में स्थानांतरित कर दिया गया। साथ ही दूसरा समन जारी कर कोर्ट ने राहुल गांधी को 18 जनवरी और असदुद्दीन ओवैसी को 19 जनवरी को याचिका पर सुनवाई के दौरान पेश होने के आदेश दिए हैं।

विदित हो कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर बयान दिया था। हिंदूवादी संगठनों की ओर से इसका तीखा विरोध हुआ था। इसी मामले में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक की ओर से बरेली के कोर्ट में अर्जी दी गई थी। एमपी-एमएलए कोर्ट ने उस वक्त अर्जी को खारिज कर दिया था। इस आदेश के संबंध में पंकज पाठक ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील कर दी। मामले का संज्ञान लेते हुए सत्र न्यायालय ने वाद दायर कर सुनवाई के लिए सात जनवरी 2025 की तिथि निर्धारित की। न्यायालय ने नोटिस जारी कर राहुल गांधी को पेश होने का आदेश भी दिया। लेकिन, राहुल गांधी न पेश हुए और न ही उनकी तरफ से कोई जवाब आया। इस पर कोर्ट से दूसरा समन जारी किया गया है।





उधर, जय फलस्तीन बोलने पर ओवैसी के खिलाफ याचिका दाखिल हुई है। बीते वर्ष लोकसभा चुनाव के बाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में शपथ लेने के बाद जय फलस्तीन का नारा लगाया था। इसके बाद अधिवक्ता वीरेंद्र गुप्ता की ओर से अवर न्यायालय में असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ याचिका दायर की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद अधिवक्ता ने पुनरीक्षण याचिका दायर की थी। जिला जज की अदालत ने पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए सांसद असदुद्दीन ओवैसी को सात जनवरी को हाजिर होने के लिए नोटिस जारी किया था। ओवैसी की तरफ से भी कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने 19 जनवरी को पेश होने के आदेश दिए हैं।

# मौसम विभाग ने उत्तर भारत के राज्यों के लिए जारी किया अलर्ट

* फसलों पर भारी पड़ेगी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के उत्तरी मैदानों में हफ्ते के अंत में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बेमौसम बारिश होने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। यह बारिश पश्चिमी विक्षोभ की हलचल के कारण हुई है। पश्चिमी विक्षोभ अब इस क्षेत्र से दूर जाना शुरू हो गया है। जैसे-जैसे पश्चिमी विक्षोभ (मौसम प्रणाली) पीछे हट रहा है वैसे ही बर्फ से ढके पहाड़ों से सूखी और ठंडी हवाएं उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के भागों में चलनी शुरू हो जाएंगी। जिससे न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट आएगी।


लेकिन आने वाले दिनों में फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा, क्योंकि एक और पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय की ओर बढ़ रहा है। यह मौसम प्रणाली (पश्चिमी विक्षोभ) उत्तर राजस्थान और उससे सटे पंजाब और हरियाणा में प्रेरित चक्रवातीय परिसंचरण को सक्रिय करेगी। इस प्रणाली के प्रभाव से उत्तर राजस्थान में सबसे पहले बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां शुरू होंगी। धीरे-धीरे यह गतिविधियां पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर के कई हिस्सों में फैलेंगी।

### कृषि के लिए बड़ा खतरा बन सकती है ओलावृष्टि

गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि की संभावना भी बनी हुई है, जो कृषि के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। अगर ऐसा होता है, तो ओलावृष्टि खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है, विशेषकर जो फसलें विकास के चरण में हैं। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है, जिससे इस कठोर मौसम में होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

### वीकेंड पर बारिश का अलर्ट

पश्चिमी विक्षोभ के हटने के कारण वीकेंड से पहले तक न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट होगी। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में ठंड का प्रकोप देखा जाएगा और रातें बेहद सर्द होंगी। हालांकि, यह ठंडा मौसम ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगा क्योंकि नया पश्चिमी विक्षोभ तापमान के रुझान को पलट देगा। जैसे-जैसे बारिश और बादल छाने की संभावना बढ़ेगी, न्यूनतम तापमान फिर से बढ़ने लगेगा। खासकर 11 जनवरी से उत्तर पश्चिम भारत और उससे सटे उत्तर प्रदेश के मैदानों में बारिश होगी और तापमान बढ़ेगा।



## ईसीसीई एजुकेटर्स व तकनीकी अनुदेशकों के चयन के लिए निविदा प्रकाशित

**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा**

**बहराइच 07 जनवरी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच के परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में 173 ईसीसीई एजुकेटर्स एवं लर्निंग बाई डुइंग कार्यक्रम के लिए 42 तकनीकी अनुदेशकों के चयन के सम्बन्ध में जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाता के चयन हेतु निविदा प्रकाशित की गयी है। फर्मों के प्रतिभाग करने के लिए जेम पोर्टल पर बिड सं. जेम/2025/बी/5782756 पर निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा में प्रतिभाग करने हेतु समस्त नियम एवं शर्तें बिड में अपलोड है। बीएसए श्री सिंह ने बताया कि बिड में जेम पोर्टल पर प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 28 जनवरी 2025 तथा समय अपरान्ह 02:00 बजे निर्धारित है। इच्छुक सेवा प्रदाता फर्म निविदा में प्रतिभाग कर सकती है। उन्होंने बताया कि जेम पर अपलोड बिड में कंसाईनी का पता निकट नवोदय जवाहर विद्यालय ज्ञानपुर, भदोही पिन-221304 के स्थान पर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गेंदघर, निकट राजकीय बालिका इण्टर कालेज, बहराइच पिन-271801 पढ़ा जाये।

## पंचकूला का बचपन सांस्कृतिक भारत के निर्माण का बनेगा वाहक- अपराजिता

**पंचकूला 08 जनवरी -(शशि किरण अरोड़ा) - आज का मुद्दा--** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम एवं जिला पुलिस पंचकूला की संयुक्त पहल पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के माध्यम से बीस दिवसीय व्यक्तित्व विकास एवं थिएटर कार्यशाला का आरम्भ पंचकूला के इन्द्रधनुष परिसर में हुआ। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए पंचकूला की नगर निगम आयुक्त अपराजिता ने कहा कि रंगमंच व्यक्तित्व विकास का सर्वो■म मंच है। पंचकूला का बचपन श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सांस्कृतिक हिस्सेदारी निभाने के लिए एक अनूठे प्रयोग का हिस्सा बन रहा है। उन्होने कहा कि रंगमंच के माध्यम से संवाद में लय और संगीत मे स्वर का प्रयोग जन मानस के संवेदना को रिचार्ज करता है। उन्होने कहा कि रंगमंच समाज के सभी वर्गों को संबोधित होता है। इसलिए इस कार्यशाला का विषय प्रकृति, शिक्षा और सड़क सुरक्षा रखा गया है। संगीत, अभिनय और संवाद की त्रिवेणी से शिवालिक की पहाड़ियों से एक ऐसे सांस्कृतिक प्रवाह का आरम्भ है जो पंचकूला के नागरिक समाज से जैव-विविधता संरक्षण की अपील करेगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक ने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षा में रंगमंच का अदभूत प्रयोग है। अशोक राणा एस ई इलैक्ट्रिक डिवीजन एच एस वी पी ने कहा कि पंचकूला के सांस्कृतिक विकास के लिए इन्द्रधनुष परिसर एक आदर्श सांस्कृतिक केन्द्र का रूप ले रहा है। कार्यशाला की संयोजक रीताराय ने कहा कि यह कार्यशाला पंचकूला के राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों की हिस्सेदारी से रंग संवाद और रंग अभिनय की एक नई प्रस्तुति है। उन्होने बताया कि निकट भविष्य में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की फैकेल्टी से दृश्य, परिकल्पना, कोरियोग्राफी, मंच सज्जा जैसे विषयों के लिए विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। आज उद्घाटन के बाद मंच पर चलना, संवाद और दृश्य रचना पर कार्य किया गया। बुधवार को यह कार्यशाला सुबह 10 बजे से आरंभ होकर दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगी। इस कार्यक्रम संयोजन में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से उमेश कुमार, चमन और पुलिस विभाग से निशा ने सक्रिय सहयोग दिया।

## बहराइच इंडियन बैंक में चोरों ने लगाई सेंध, पुलिस देख हुए फरार...खुलासे के लिए लगी दो टीम




ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा बहराइच शहर के स्टेशन रोड स्थित इंडियन बैंक के पीछे के हिस्से में सोमवार रात को चोरों ने सेंध लगा दी। हालांकि इसी दौरान चीता मोबाइल टीम आ गई, जिससे सभी झाड़ियों से होकर फरार हो गए। मुख्य आरक्षी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दरगाह थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर इंडियन बैंक संचालित है। इस बैंक के अगले हिस्से में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, जबकि पिछले हिस्से में सीसीटीवी नहीं है। सोमवार रात कुछ अज्ञात लोग बैंक शाखा के पीछे के हिस्से में सेंध लगा रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि तभी थाने के चीता मोबाइल टीम के मुख्य आरक्षी अनिल राणा और ज्वाला प्रसाद पेट्रोलिंग करते हुए पहुंच गए। पुलिस वाहन देख चोर पीछे के रास्ते ही झाड़ियों से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुख्य आरक्षी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के खुलासे के लिए एसओजी और क्राइम ब्रांच की टीम लगाई गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## बहराइच बुलडोजर से हटाया गया अतिक्रमण, रऊट और उड की मौजूदगी में हुई कार्रवाई



**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा** रूपईडीहा/बहराइच,नगर पंचायत रूपईडीहा में मंगलवार को एसडीएम और सीओ की देखरेख में अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। दुकान के सामने बने टीनशेड को तोड़ दिए गए। लगभग 40 दुकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई। भारत नेपाल सीमा पर स्थित रूपईडीहा नगर पंचायत में संचालित दुकानों के सामने अतिक्रमण था। जिसे हटाने के लिए एसडीएम और अधिशाषी अधिकारी रंग बहादुर सिंह की ओर से चेतावनी दी गई थी। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिस पर मंगलवार को उपजिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पांडेय के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। उपजिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय के साथ क्षेत्राधिकारी प्रद्युमन सिंह, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर की अगुवाई में मंगलवार शाम को शहर के मुख्य बाजार से स्टेशन रोड तक नालों पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशासन व नगर पंचायत की टीम ने नालों पर अतिक्रमण कर बनाये गए टीन शेड को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया और नाले के आगे बढ़ाकर लगाए दुकानदारों का चालान भी काटा गया।नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर ने बताया कि बाजार में नाले के आगे लगने वाले 15 दुकानदारों पर 500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जिससे नगर पंचायत को 7500 रुपया की राजस्व वसूली हुई। कुल 40 दुकानदारों पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है।बजाजा बाजार में व्यापारियों ने एकसाथ अतिक्रमण हटवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को छूट दी जा रही है। इस दौरान तहसीलदार नानपारा अजय यादव, रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह, नगर पंचायत के कर्मचारी लिपिक गंगा प्रताप सिंह,सुपरवाइजर मनीराम,सचिन और पुलिस बल मौजूद रहा।

# सुधीर की पत्नी ने शव के पास रखा पत्र: रोते हुए कहा- प्लीज इसे जरूर पढ़ लेना, कोई फॉल्ट हुआ हो मुझे माफ कर देना

**कानपुर :** गुजरात के पोरबंदर में रविवार को इंडियन कोस्टगार्ड का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था । इस हादसे में रामपुरम श्यामनगर निवासी कोस्टगार्ड पायलट सुधीर यादव (30) समेत तीन लोग शहीद हो गए थे। पोरबंदर यूनिट से मंगलवार दोपहर एम्बुलेंस में बंद ताबूत में सुधीर का पार्थिव शरीर लेकर सहकर्मी घर पहुंचे। यह देख कोहराम मच गया। सुधीर के परिजनों, परिवारीजनों, रिश्तेदारों ने अपना दुख बयां किया। अंतिम दर्शन को महिलाएं घर की छतों पर घंटों डटीं रहीं।

पत्नी बोली- प्लीज इसे जरूर पढ़ लेना

शहीद कोस्टगार्ड यूनिट पायलट सुधीर कुमार यादव के तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को श्रदांजलि देते हुए भावुक हुई जज पत्नी आवृत्ति नैथानी ने शहीद हुए पति के लिए एक पत्र पहले से लिख रखा था। जिसमें शायद उन्होंने अपने जीवन के यादगार संजोए पलों और पति को समर्पित भावनाएं व्यक्त की होगी। जो शायद वह सार्वजनिक रूप से न कहना चाहतीं होंगी। उन्होंने पत्र रखते हुए कहा कि प्लीज इसे जरूर पढ़ लेना। फिर उन्होंने पोरबंदर से आए सुधीर के सहकर्मी और सुधीर के बड़े भाई धर्मेंद्र से गुजारिश की और कहा कि आज यह अकेले होंगे। कहा कि ऐसा कोई नहीं कर सकता, सिर्फ लोग कहते हैं। जो कोई फॉल्ट हुआ



हो मुझे माफ कर देना। बी प्राउड ऑफ़ यू सुधीर। पति - पत्नी के बीच इस अनूठे विश्वास, प्रेम और समर्पण को देख सभी स्तब्ध थे।

## बाबा गोपाल दास चैरिटेबल सोसाइटी, बठिंडा(पंजाब) के द्वारा संतों, ब्रजवासियों व निर्धनों-निराश्रितों को नि:शुल्क कंबल वितरित किए गए






**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)** वृन्दावन। श्रीजी की रासक्रीडा स्थली सेवाकुंज पर बाबा गोपाल दास चैरिटेबल सोसाइटी, बठिंडा(पंजाब) के द्वारा

बाबा गोपाल दास महाराज (लघु सखी) की पुण्य स्मृति में श्रीहित बड़ा रासमण्डल के अध्यक्ष श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज के पावन सानिध्य में संत, ब्रजवासी, वैष्णव एवं निर्धन निराश्रित आदि को निःशुल्क कंबल वितरित किए गए। श्रीहित बड़ा रासमण्डल के अध्यक्ष श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज ने कहा कि बाबा गोपाल दास महाराज (लघु सखी) राधा वल्लभ संप्रदाय की बहुमूल्य निधि थे।वे श्रीजी के परम उपासक व अत्यंत फक्कड़ संत थे।उनके पास जो भी धन उनके भक्तों व शिष्यों के द्वारा आता था,उसे वे निर्धनों व निराश्रितों में खर्च कर दिया करते थे।उन्होंने आजीवन रास्मंडल पर रहकर ही कठोर भगवत साधना की।

श्रीराधा दामोदर मंदिर के बड़े गुसाईं कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज ने कहा कि संत प्रवर बाबा गोपाल दास महाराज (लघु सखी) राधा वल्लभ संप्रदाय के गौरव थे।उन्होंने आजीवन सेवाकुंज की नित्य प्रति सोहनी सेवा की।उन जैसे संतों का अब युग ही समाप्त होता चला जा रहा है।

ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि संत शिरोमणि बाबा गोपाल दास महाराज (लघु सखी) श्रीधाम वृन्दावन के प्राचीन स्वरूप के परिचायक थे।वे नित्य प्रति यमुना पार स्थित अपनी एक छोटी सी कुटिया में जाकर एकान्त में भगवद् भजन किया करते थे।साथ ही उन्हें पद्य रचना में महारथ हासिल था।उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और कई प्रकाशनाधीन हैं। इस अवसर पर किशोर वन के सेवायत आचार्य घनश्याम किशोर गोस्वामी, रमेश कुमार मेहता (बठिंडा), हनीश, अशोक कुमार गर्ग (चंडीगढ़), विजय मेहता (दिल्ली) एवं युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।

## बाहुबली व पूर्व विधायक का फेसबुक पर ऐलान :छोटे भाई व पूर्व विधायक मुकेश शर्मा को अनूपशहर एवं पत्नी काजल शर्मा को शिकारपुर से लड़ाएंगे चुनाव,तीसरी पत्नी शिकारपुर से कर रही तैयारी



**पोषित कुमार(आज का मुद्दा) अनूपशहर:** बाहुबली व पूर्व विधायक गुड्डू पंडित एवं उनकी कथा कथित तीसरी पत्नी अर्चना पंडा के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। पति-पत्नी के विवाद के बीच बाहुबली नेता एवं पूर्व विधायक गुड्डू पंडित ने फेसबुक पर अपने छोटे भाई मुकेश शर्मा को अनूपशहर विधानसभा एवं पत्नी काजल शर्मा को शिकारपुर विधानसभा से चुनाव लड़ाने का ऐलान किया है। वहीं इसी ऐलान के बीच बुलंदशहर की राजनीति गर्मा गई है। बता दे कि मुकेश शर्मा पूर्व में सपा से शिकारपुर विधानसभा के विधायक रह चुके हैं एवं वह पिछले कई महीने से अनूपशहर विधानसभा से चुनाव की तैयारी कर रहे हैं।

शिकारपुर में काजल शर्मा बनाम अर्चना पंडा

शिकारपुर विधानसभा से पूर्व विधायक ने पत्नी काजल शर्मा को विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है तो वही उनकी कथा कथित तीसरी पत्नी अर्चना पंडा पिछले कई महीने से शिकारपुर के विभिन्न गांव मे कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर लोगों से आशीर्वाद मांग रही है। वहीं अब पूर्व विधायक की दोनों पत्नियों के पारिवारिक विवाद के बाद राजनीति में आमने-सामने आने पर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

आप पढ़िए बाहुबली नेता व पूर्व विधायक की पोस्ट

फेसबुक पर पोस्ट करते हुए पूर्व विधायक गुड्डू पंडित ने कहा कि मैंने अपनी जनता का अपने परिवार के समान ध्यान रखा है ,अब एक स्त्री मेरे ऊपर और मेरे परिवार व मेरे समर्थकों के ऊपर अर्नगल आरोप लगा कर मेरी छवि को खराब करने चाहती है।मैने बहुत समझाने और



सहन करने का प्रयास किया किंतु कोक्रोधाद्भवति सम्मोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः। स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति ॥ अर्थ है: क्रोध से मनुष्य की मति मारी जाती है यानी मूढ़ हो जाती है जिससे स्मृति भ्रमित हो जाती है। स्मृति-भ्रम हो जाने से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है और बुद्धि का नाश हो जाने पर मनुष्य खुद अपना ही का नाश कर बैठता है।इसलिए मैं अपनी पत्नी काजल शर्मा को शिकारपुर विधानसभा के प्रत्याशी के रूप में व अपने भाई मुकेश शर्मा को अनूपशहर विधानसभा से चुनाव लड़ाऊँगा। मेरा ऐसी किसी स्त्री से सम्बंध नही है और न ही भविष्य में होगा।

## चार शातिर चोर चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार



**आज का मुद्दा बुलंदशहर :** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ट्रान्सपोर्ट नगर में बिजली घर के पीछे एक अर्द्धनिर्मित मकान से साजिद पुत्र अजीर निवासी डीएम रोड चार यार के पास झुग्गी झोपडी थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर रहीमुद्दीन पुत्र रफीक शेख निवासी झुग्गी झोपडी बीसा कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर असरफ पुत्र रफीक निवासी झुग्गी झोपडी बीसा कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर सनाउल अंसारी पुत्र मंसूर अंसारी निवासी नुमाइश मैदान झुग्गी झोपडी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर से 04 शातिर चोरों को चोरी की योजना बनाते हुए चोरी किये पाईप, अवैध चाकू व चोरी करने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं 13/25 धारा 312/313/317(2) बीएनएस व 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं।

## देश में वाहन दुर्घटनाओं में मानव त्रुटि (ह्यूमन एरर) को कम करने के लिए हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज के सुझाव की आज केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की प्रशंसा

**नई दिल्ली, 8 जनवरी -(शशि किरण अरोड़ा) -आज का मुद्दा--** देश की परिवहन प्रणाली और वाहन दुर्घटनाओं में मानव त्रुटि (ह्यूमन एरर) को कम करने के लिए हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज के सुझाव की मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रशंसा की और कहा कि अनिल विज के सुझाव का वे स्वागत करते है और इस दिशा में वाहन दुर्घटनाओं में मानव त्रुटि को कम करने के साथ साथ यात्रियों और वाहन चालकों की सुविधा के लिए विभिन्न कदम केंद्रीय मंत्रालय उठाने जा रहा है।

विज ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारत मंडपम में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक और




परिवहन विकास परिषद की 42वी बैठक के दौरान हरियाणा की ओर से सुझाव दिया। इस बैठक में हरियाणा परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अशोक खेमका भी उपस्थित रहे।


**वाहन चालकों को साफ सुथरा भोजन मिले और आरामदायक ठहराव का स्थान होना चाहिए ताकि वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके - विज**

सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक के दौरान अनिल विज ने कहा कि मानव त्रुटि के कारण हमारे देश में 80 प्रतिशत दुर्घटनाएं होती है और हमें ऐसी प्रणाली विकसित करनी चाहिए जिससे मानव त्रुटि कम से कम हो और जानमाल का नुकसान कम हो। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को शुद्ध और साफ सुथरा भोजन मिले और आरामदायक ठहराव का स्थान होना चाहिए ताकि अनरेस्ट (आरामदायक न होने से) होने वाली वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

**हरियाणा के सभी बस अड्डों में यात्रियों को साफ सुथरा खाने पीने का सामान उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए - विज**

विज ने कहा कि जब से वे परिवहन मंत्री बने है तब से उन्होंने हरियाणा के सभी बस अड्डों में यात्रियों को साफ सुथरा खाने पीने का सामान उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि हमने हरियाणा टूरिज्म से इस संबंध में जुड़ने के लिए कहा है ताकि यात्रियों और वाहन चालकों को सही और स्वच्छ खाने पीने की चीजें मिले। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से रेलवे में खाने पीने का सामान मिलता है उसी प्रकार से वाहन चालकों को मिलना चाहिए और इस बारे में अध्ययन होना चाहिए। इसी प्रकार, उन्होंने कहा कि वाहन चालकों और यात्रियों के लिए फ्रूट्स इत्यादि की भी सुविधा दी जा सकती है।

## पाँच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया






**आज का मुद्दा-**विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ हाईटेक नर्सरी दानपुर एवं जाहिदपुर पर गुणवत्तायुक्त, रोग रहित एवं बेमौसम में उत्पादित की जा रही पौध के विषय में जानकारी दी गयी। बुलंदशहर मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र बुलन्दशहर पर एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत आयोजित पाँच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी बुलन्दशहर द्वारा जनपद में संचालित समस्त विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ हाईटेक नर्सरी दानपुर एवं जाहिदपुर पर गुणवत्तायुक्त, रोग रहित एवं बेमौसम में उत्पादित की जा रही पौध के विषय में जानकारी दी गयी। बताया गया कि कृषकों द्वारा अपना बीज नर्सरी या कार्यालय में उपलब्ध कराते हुए रू० 1.00 प्रति पौध की दर से शुल्क लिया जाता है साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्य खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) योजना में सरकार द्वारा सूक्ष्म उद्योगों के विकास व रोजगार उपलब्ध कराने हेतु ऋण की व्यवस्था कराते हुए 35 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाती है जिसमें कृषक को 10 प्रतिशत कृषक अंश लगाना होता है। उक्त कार्यक्रम में 20 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को खाने पीने में वस्तुओं में उपलब्ध पोषक तत्वों को संरक्षित रखने, पशुपालन, मृदा, आलू एवं शाकभाजी तथा मसाला फसल उत्पादन की नवीन तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला उद्यान अधिकारी जगदीश प्रसाद, कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रभारी अधिकारी डॉ रेशू सिंह, डॉ नदीम शाह, डॉ लक्ष्मीकान्त सारस्वत भजन लाल वर्मा सेवानिवृ■ व०उ०नि० शंकर लाल उद्यान निरीक्षक आदि उपस्थित रहकर कृषकों को विषयगत के साथ-साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। अन्त में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि यह कार्यक्रम पाँच दिन तक आयोजित किया जायेगा, अन्तिम दिन प्रतिभागियों को भ्रमण कराया जायेगा।


**उत्तर रेलवे**

**TENDER NOTICE**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| एन आई टी | 41, & 43-2024-25-डब्ल्यू–5 | | | | |
| 1. | काम का नाम (स्थान के साथ) | क्रमांक 1 | स्क्यू बीआर के पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन। नंबर 7 यूपी और डीएन (3x9.15 मीटर), तिरछा बी आर नंबर 8 यूपी और डीएन (2x 8.73 मीटर) डीएएल अनुभाग पर और तिरछा बीआर नंबर। एडीईएन/एचएनजेडएम और डीईई के तहत डीईई पर 4 लाइन नंबर 9 (1x5.90m+1x4.80m) (पीएससी स्लैब की ढलाई के बिना) का कार्य। समान कार्य की प्रकृतिः किसी पुल का निर्माण कार्य। | | |
| | | 2 | दिल्ली जं.–दिल्ली कैंट (यूपी, डीएन, उत्तर और दक्षिण)–टीआरआर (पी)–एडीईएन/डीईई के तहत एसएसई/पी.वे/डीईई के खंड में 5.181 किलोमीटर का कार्य। समान कार्य की प्रकृतिः सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग करना, ट्रैक को तनावमुक्त करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैंपिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रींनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी–28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल है। | | |
| 2. | काम की अनुमानित लागत (रूपये) | 1 | Rs. 23150040.67 | 2 | Rs. 11238569.39 |
| 3. | अग्रिम राशि (रूपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) नोटः– रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा,.।) | | | |
| | | 1 | Rs. 265800.00 | 2 | Rs. 206200.00 |
| 4. | काम की समाप्ति अवधि | 1 | 06 Months | 2 | 06 Months |
| 5. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 27.01.2025 को 15.00 बजे तक तथा 27.01.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। | | | |
| 6. | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | | |

No. 128-W/280/OET/2024-25/W-V/NIT-41 & 43-2024-25-डब्ल्यू-5 Date 06.01.2025 66/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# किसानों की समस्यायों का जल्द होगा समाधान,नोएडा प्राधिकरण ने दिया आश्वासन

**आज का मुद्दा नोएडा।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के दिल्ली आगमन के मौके पर उनके समक्ष किसानों के दोनों मुद्दों से संबंधित सभी दस्तावेज प्रस्तुत किये।नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने जल्द मांगे पूरी कराने का आश्वासन दिया। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 30 दिसम्बर को किसान नेता राकेश टिकैत और रङट में जुड़े अन्य दर्जनों किसान संगठनों में से कई किसान संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों और अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में ग्रेटर नोएडा में जीरो प्वाइंट पर हुई विशाल किसान महापंचायत के बाद तय हुई आज दिनांक 7 जनवरी की वार्ता नोएडा प्राधिकरण में 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक 3 घंटे चली जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा के सभी संगठनों के नेताओं ने अपना पक्ष मजबूती से रखा। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से अधिकारियों के समक्ष प्रस्ताव रखा कि जिस प्रकार पूर्व में एक कैबिनेट मंत्री की अध्यक्षता में बनाई गई हाई पॉवर कमेटी की तर्ज पर फिर से एक कैबिनेट मंत्री की अध्यक्षता में हाई पॉवर कमेटी बनाकर किसानों की 10% प्लॉट एवं नए भूमि अधिग्रहण कानून की मांग को जल्द पूरी कराई जाय।



जिला प्रशाशन और प्राधिकरणों के अधिकारियों ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री आज दिल्ली आ रहे हैं, इसलिए वार्ता का स्थान और समय दोनों को बदलना पड़ा था, उनकी पूरी कोशिश है कि आज की वार्ता में किसानों द्वारा 10% प्लॉट एवं नए भूमि अधिग्रहण कानून के सम्बन्ध में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों को वह आज दोपहर बाद ही माननीय मुख्यमंत्री जी के सामने प्रस्तुत करेंगे और किसानों के पक्ष की पूरी पैरवी करेंगे।

जिला प्रशाशन की ओर से जिलाधिकारी और नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा यमुना विकास प्राधिकरण के ए.सी.ई.ओ. और ओ.एस.डी. तथा पुलिस के ज्वॉइंट सीपी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।इस मौके पर किसान नेता सुभाष चौधरी, सुनील फौजी एडवोकेट, अनिल तालान, पवन खटाना, सुधीर चौहान, चौधरी बीसी प्रधान, डॉक्टर विकास भाटी, कृष्ण नागर, जितेंद्र चौधरी, बृजेश भाटी, रमेश कसाना, सुरेंद्र प्रधान, राजकुमार नागर, नीरज सरपंच नवादा, मनमिंदर बीडीसी, गजेन्द्र बरौला, अमन ठाकुर, एच पी छोकर, सुरजन सिंह आदि मौजूद नेताओं ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण, डीएमआईसी तथा बुलंदशहर प्राधिकरण की अंसल बिल्डर परियोजना,

जीडीए की हाइटेक बिल्डर परियोजना, एनटीपीसी, यूपीसीडा, शिवनाडार यूनिवर्सिटी, अंबुजा तथा बिरला सीमेंट लिमिटेड तथा एनएचएआई की ईस्टर्न पेरीफेरल तथा दादरी बाईपास परियोजना, रेलवे की डीएफसीसी परियोजना, बिजली एवं पाईप लाईन परियोजना तथा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर, जे पी बिल्डर आदि परियोजनाओं से प्रभावित और न्यू नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा फेस टू से प्रभावित होने जा रहे जनपद के सभी किसानों को उनके कानून लाभ दिए जाने की मांग रखी है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर मुरादाबाद में की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**आज का मुद्दा-उत्तर प्रदेश :** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष भारती त्यागी ने मुरादाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस की एवं रमेश बिधूड़ी के बयान को जो उन्होंने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवम सांसद प्रियंका गांधी जी के संदर्भ में कहे थे को पूर्ण रूप से महिला विरोधी बताया और कहा कि बीजेपी घोर महिला विरोधी है. बीजेपी के पूर्व सांसद और कालकाजी सीट से प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी का प्रियंका गांधी जी के संदर्भ में दिया गया बयान शर्मनाक ही नहीं बल्कि उनकी औरतों के बारे में कुत्सित मानसिकता को दिखाता है. जिस आदमी ने सदन में अपने साथी सांसद को गंदी गालियां दी हों और इसकी कोई सजा ना मिली हो, उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है? यही बीजेपी का असली चेहरा है." भारती त्यागी ने कहा कि बीजेपी आलाकमान को विधूड़ी के बयान पर माफी माँगनी चाहिए । भारती त्यागी ने आगे कहा, "क्या इस घटिया भाषा और सोच पर बीजेपी की महिला नेत्रियां, महिला विकास मंत्री, नड्डा जी या खुद प्रधानमंत्री मोदी कुछ बोलेंगे? इस घटिया सोच के लिए न केवल रमेश बिधूड़ी बल्कि उनके शीर्ष नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए."



## एक्टिव सिटीजन टीम के हरेन्द्र भाटी ने लिखा सीईओ को पत्र



**आज का मुद्दा-ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा वन की समस्याओ को लेकर एक्टिव सिटीजन टीम के हरेन्द्र भाटी ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखा।हरेन्द्र भाटी ने अपने पत्र में लिखा कि सेक्टर गामा वन में पिछले काफी लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो, साफ सफाई ना होने एवं पार्कों की बाउंड्री टूटी हुयी पड़ी है।वही सीवर का टेंडर हुए लगभग 2 महीने हो गए हैं लेकिन सीवर के ठेकेदार आसुतोष गुप्ता सिर्फ टैंकर से पानी खींचकर अपना कार्य कर रहे हैं जबकि पिछले दो वर्ष से सीवर की सफाई का कार्य नहीं हुआ है।सीवर का पानी रोड साइड पटरी पर फैला रहता है। जिसके कारण वाटर सप्लाई में भी सीवर का पानी पहुंच जाता है क्योंकि पहले प्राधिकरण के द्वारा की पाइप सप्लाई के कनेक्शन में लगाए हुए थे।सीवर विभाग द्वारा बहुत ज्यादा अनदेखी बरती जा रही है।वही सेक्टर में गौरी शंकर मंदिर के पास में फॉरेस्ट पार्क की जालियां टूटी पड़ी है और यहा मलबा पड़ा रहता है जिसकी वजह से साफ सफाई भी नहीं हो हो पाती है।

## सीईओ डॉ.लोकेश एम ने नोएडा के कई क्षेत्रों में किया निरीक्षण, मिली कई खामियां

**धीरेन्द्र अवाना नोएडा।** नोएडा में निर्माण कार्यों और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद आज नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम को कई जगहों पर खामियां मिलीं।जिसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए

जन स्वास्थ्य के सीनियर मैनेजर गौरव बंसल का वेतन भी रोक दिया है।आरोप है कि शासकीय कार्यों में उनके द्वारा ढीलापन और उदासीनता दिखाई गयी थी।



आपको बता दे कि आज नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम के फील्ड में जाने की सूचना मिलने पर प्राधिकरण के अफसरों, ठेकेदार और कर्मचारियों में दिनभर हड़कंप मचा रहा।निरीक्षण के दौरान नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर-16ए की ग्रीन बेल्ट में कूड़े के ढेर मिले,जिसके चलते लॉयन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।इसी तरह सेक्टर-35 के सामने वेव सिटी के बाहर केसी ड्रेन में जमी सिल्ट और सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के नीचे मिले कचरे के लिए नॉर्थ इंडिया डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को भी एक लाख रुपये का पेनल्टी लगाई।सेक्टर-63 की स्थिति और भी चिंताजनक पाई गई, जहां नालियों में गंदगी और जगह-जगह कूड़े के ढेर मिले। इस गंभीर लापरवाही के लिए एमबीसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश दिए गए।सदरपुर सोम बाजार में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में लापरवाही बरतने वाली एजी इन्वायरो इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड पर दो लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।साथ ही सीईओ ने अन्य अफसरों और एजेंसियों को भी चेतावनी दी है।

## ईडब्ल्यूएस-डीजी-सीडब्ल्यूएसएन के लिए दाखिला रेस फरवरी में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत नर्सरी, केजी व पहली कक्षा में दाखिले के लिए आर्थिक पिछड़े वर्ग, वंचित वर्ग व दिव्यांग श्रेणी की 25 फीसदी सीटों के लिए दाखिला प्रक्रिया की घोषणा हो गई है। दाखिले के लिए आवेदन तीन फरवरी से किया जा सकेगा जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 फरवरी है। बच्चों को स्कूल आवंटन के लिए पहली कंप्यूटराइज्ड ड्रा पांच मार्च को किया जाएगा। दस्तावेजों की छंटनी और दाखिले की तारीख ड्रा के बाद जारी की जाएगी।

शिक्षा निदेशालय ने आर्थिक पिछड़े वर्ग (ईडब्ल्यूएस), वंचित वर्ग (डीजी) व सीडब्ल्यूएसएन (विशेष जरूरत वाले बच्चे) के लिए लंबे इंतजार के बाद दाखिला प्रक्रिया व दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। 25 फीसदी सीट के भीतर तीन फीसदी सीटें विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए होंगी। निजी स्कूलों में इन कक्षाओं की चालीस हजार से अधिक सीटों पर शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट ६६६.ीर्वीि'.ल्लू.ल्ल से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। शिक्षा निदेशालय ने इन तीनों वर्गों की सीटों पर दाखिले के लिए जारी दिशा-निर्देशों में स्पष्ट किया है कि दाखिले के लिए लॉटरी में सफल होने के बाद पिता-कानूनी अभिभावक का आधार नंबर जमा करना अनिवार्य है, जबकि बच्चे का आधार नंबर जरूरी नहीं है।

एक मोबाइल नंबर का उपयोग करके केवल एक ही पंजीकरण किया जा सकता है। आवेदन-दाखिला प्रक्रिया से संबंधी सभी संचार इसी नंबर के माध्यम से किए जाएंगे। एक आवेदक द्वारा एक ही आवेदन को स्वीकार किया जाएगा। यदि किसी आवेदक की ओर से एक से अधिक आवेदन किए जाते हैं तो लॉटरी के बाद उसकी उम्मीदवारी रद की जा सकती है। जिस बच्चे के माता-पिता की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय पांच लाख रुपये से कम है वह ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत दाखिले का पात्र है। डीजी व दिव्यांग श्रेणी का लाभ लेने के लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। सभी श्रेणियों में दाखिले के लिए अभिभावक का तीन वर्ष से दिल्ली का निवासी होना अनिवार्य है।

22 फीसदी सीटों पर दाखिला ले सकेंगे ईडब्ल्यूएस व अन्य श्रेणियों के बच्चे

ईडब्ल्यूएस के बच्चे, डीजी श्रेणी के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) अनाथ, ट्रांसजेंडर व एचआईवी प्रभावित बच्चों की 22 फीसदी सीटों पर दाखिला ले सकते हैं। वहीं अन्य तीन फीसदी सीटें दिव्यांग श्रेणी के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। मालूम हो कि अभी 75 फीसदी (सामान्य श्रेणी) की सीटों पर दाखिला प्रक्रिया अभी जारी है। सामान्य श्रेणी के बच्चों के दाखिले के लिए पहली सूची 17 जनवरी को जारी होनी है।

## अवैध रूप से संचालित हो रहे गेस्ट हाउस,होटल और बैंक्वेट हॉल पर होंगी सख्त कारवाई : मनीष कुमार वर्मा

**आज का मुद्दा-नोएडा।** जिला प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित हो रहे होटल, गेस्ट हाउस और बैंक्वेट हॉल पर सख्त कार्रवाई करने की तैयारी शुरू कर दी है।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए इन प्रतिष्ठानों को सील करने का निर्णय लिया है।शिकायतों के आधार पर यह पता चला है कि कुछ लोगों ने आवेदन करने के बाद बिना पंजीकरण कराए ही संचालन प्रारंभ कर दिया था। सभी ऐसे अवैध प्रतिष्ठानों को चिह्नित कर लिया गया है और अब इनका निरीक्षण किया जाएगा।अधिकारियों द्वारा इन होटलों और बैंक्वेट हॉल्स का निरीक्षण कर इन्हें सील किया जाएगा और अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंजीकरण के बिना संचालित हो रहे होटल और गेस्ट हाउस के मालिक और प्रबंधकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान में अचानक लगी भीषण आग,महिला की मौत



**आज का मुद्दा**

-------------------

**नोएडा।** नोएडा में उस वक्त अफरा तफरी मच गयी जब देर रात छिजारसी गांव में रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान में अचानक भीषण आग लग गयी।इस दौरान दुकान में सो रहे दंपती में से पत्नी की झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रुप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी।आपको बता दे कि नोएडा के सेक्टर 63 थाना क्षेत्र के छिजारसी गांव में देर रात रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफल रही।घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। हालांकि, आग लगने के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। इस घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर दिया है, और प्रशासन द्वारा मामले की जांच जारी है।

## मार्च में शुरू होगा छपरौला आरओबी, मिलेगा एक और रास्ता, जाम से भी मिलेगी राहत

**आज का मुद्दा-नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में रोजा जलालपुर गांव के पास बन रहा रेलवे ओवर ब्रिज मार्च में शुरू हो जाएगा। जिसके साथ ही गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, नोएडा और ग्रेनो वेस्ट के लाखों लोगों का 12 साल का इंतजार खत्म होगा। आरओबी का निर्माण कार्य करीब 90 प्रतिशत पूरा हो चुका हैं। बाकी 10 प्रतिशत काम फरवरी में पूरा हो जाएगा। आरओबी शुरू होने के साथ ही लोगों को गाजियाबाद और ग्रेनो वेस्ट के बीच एक और रास्ता मिल जाएगा। जिससे जाम से भी राहत मिलेगी। दिल्ली-हावड़ा लाइन पर छपरौला फाटक के पास आरओबी बनाने के लिए 2012-13 में भारतीय रेलवे और राज्य सरकार के बीच एक करार हुआ था। इस आरओबी को बनाने के लिए करीब 84.43 करोड़ की लागत में से 38.25 करोड़ रुपये रेलवे को देने थे, जबकि 46.18 करोड़ रुपये राज्य सरकार की ओर से वहन किए जाने थे। रेलवे ने ओवरब्रिज



साल 2019 में तैयार कर लिया, जबकि पीडब्ल्यूडी की ओर से एप्रोच रोड नहीं बनाई गई। जिसके कारण काम रुक गया। करीब चार साल से अधूरे पड़े कार्य को पूरा कराने के लिए रेलवे बोर्ड ने एक नई पॉलिसी बनाई है। इसमें दो-लेन रोड ओवरब्रिज का पूरा निर्माण रेल प्रशासन की ओर से कराया जाना तय किया गया। इसके लिए प्रयागराज मंडल की ओर से टेंडर प्रक्रिया को 27 जून को पूरा कर लिया गया। रेलवे ओवरब्रिज अपने अंतिम चरण में है।

**ईंधन के साथ ही समय भी बचेगा**

इंजीनियर शिवम ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट से लोग गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर और जीटी रोड से होते हुए सिकंदराबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ सहित कई शहरों में जाते हैं, लेकिन छपरौला रेलवे फाटक के कारण उन्हें घंटों फंसना पड़ता है। जाम से बचने के लिए लाखों लोग प्रतिदिन शाहबेरी और दादरी से होते हुए निकलते हैं, जिससे लोगों को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। इस ओवरब्रिज के मार्च में शुरू हो जाने के बाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट से गाजियाबाद जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

**क्रॉसिंग से निकलती हैं 350 से अधिक ट्रेनें**

छपरौला रेलवे क्रॉसिंग से प्रतिदिन 24 घंटे में करीब 350 से अधिक ट्रेनें निकलती हैं। जिसके कारण फाटक एक ही मिनट के लिए खुल पाता है। बड़े वाहनों का अधिक दवाब होने के कारण सड़क पर जाम लगा ही रहता है। हर चौथे मिनट पर एक ट्रेन के पास होने के कारण कभी भी सारे वाहन एक बार फाटक खुलने पर निकल ही नहीं पाते है। अब आरओबी के शुरू होने से लोगों को जाम के साथ आर्थिक मजबूती भी मिलेगी।

आरओबी का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। दो स्लैब ही पड़ने बाकी रह गए हैं। फरवरी तक काम पूरा हो जाएगा। इसके शुरू होने से लाखों लोगों को जाम से राहत मिलेगी। इसके साथ ही आने-जाने में समय भी बचेगा।

## दिल्ली विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में नकल नहीं कर सकेंगे छात्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में अब परीक्षाओं में नकल पर लगाम लगेगी। डीयू ने एक नई तरह की उत्तरपुस्तिका तैयार की है। इस उत्तरपुस्तिका के साथ ही प्रश्न पत्र है, जिसे छात्र परीक्षा के बाद वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। उत्तरपुस्तिका में 48 पेज हैं, जिसमें शुरूआत के छह पेज छात्र का ब्यौरा भरने व प्रश्न पत्र के लिए हैं, जबकि बाकी 42 पेज में छात्रों को उत्तर लिखने हैं। डीयू ने सिस्टम को पुख्ता और पारदर्शी बनाने के लिए इस तरह की उत्तरपुस्तिका तैयार की है। डीयू ने इस व्यवस्था को विधि संकाय की परीक्षाओं से शुरू किया है। इसके सफल रहने पर इसे अन्य विषयों की परीक्षाओं के लिए भी लागू किया जाएगा।

सोमवार को विधि संकाय की परीक्षा के लिए छात्रों को 48 पेज की उत्तरपुस्तिका ही दी गई। इसमें उत्तरपुस्तिका के साथ ही प्रश्न पत्र भी जुड़ा हुआ है। इस कारण से आसान तरीके से परीक्षा हल हो सकती है। हर पेज नंबर पर एक कोड लिखा है। इससे बीच में छात्र पेज भी नहीं छोड़ सकते। अब तक उत्तरपुस्तिका 28 पेज की होती थी, चार पेज की अतिरिक्त शीट छात्रों को दी जाती है और प्रश्न पत्र भी अलग होता था। नई व्यवस्था में परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्र प्रश्न पत्र नहीं ले जाया जा सकेगा, बल्कि परीक्षा शाखा की ओर से इसे वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। जहां से छात्र इसे डाउनलोड कर सकेंगे। डीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो गुरप्रीत सिंह टुटेजा ने कहा कि सिस्टम को पुख्ता बनाने, पारदर्शिता लाने व नकल पर लगाम लगाने के लिए यह नई उत्तरपुस्तिका को लाया गया है। यह एक तरह की वर्कबुक की तरह है। यह अभी पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में है, बाद में इसे अन्य विषयों की परीक्षा के लिए शुरू करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## विद्युत निगम ने 134 बकायेदारों के काटे कनेक्शन

**आज का मुद्दा-नोएडा।** एक मुश्त समाधान योजना के प्रथम चरण के बाद दूसरा चरण 1 जनवरी से शुरू हो गया है, लेकिन कुछ उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम के बाद भी बकाया जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ सोमवार को विभाग की टीमों ने अभियान चलाया, जिसमें 5 हजार से अधिक तक के बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। 90 लोगों को योजना का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण कराते हुए 12 लाख रुपये से अधिक की राजस्व वसूली की गई। अधिशासी अभियंता अमित चौधरी ने बताया कि मुख्य अभियंता हरीश बंसल के नेतृत्व में अलीगढ़ जिले के मौर गांव में कार्रवाई करते हुए 118 उपभोक्ता जिन पर विभाग का 62 लाख से अधिक का बकाया था। उनके कनेक्शन काटे गए है। साथ ही 1.5 लाख की राजस्व वसूली भी की गई है। जिसके बाद जेवर, जहांगीरपुर, बंकापुर व जफरगढ़, रामपुर आदि गांव में अभियान चलाकर 60 लाख से अधिक के बकायेदार लोगों के 116 कनेक्शन काटे गए।

# गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड एवं शीत लहरी से सुरक्षित रखने हेतु अधिकारियों द्वारा राहत कार्य जारी

**आज का मुद्दा-गौतम बुद्ध नगर : उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप शीत लहरी एवं ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से सुरक्षित रखने हेतु डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरों का संचालन, अलाव तथा अन्य राहत कार्य कराये जा रहे हैं।**

**इसी कड़ी में आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशकों क्रम में नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्रा ने नोएडा में रात्रि कालीन भ्रमण करते हुए सड़क किनारे फुटपाथ पर सो रहे लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट कराया और उनको बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जनपद में रैन बसेरे बनाए गए हैं, आप खुले आसमान या सड़क किनारे फुटपाथ पर न सोए। उन्होंने आम जनमानस से भी अपील करते हुए कहा कि यदि उनको भी कोई व्यक्ति खुले आसमान में सड़क किनारे फुटपाथ पर सोता हुआ मिले तो, उसको रैन बसेरे के संबंध में बताएं कि वह ऐसे खुले में ना सोकर जिला प्रशासन द्वारा संचालित किये जा रहे रैन बसेरों में प्रवास कर सकते हैं। साथ ही इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए।**







**नगर मजिस्ट्रेट नोएडा ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में इसी प्रकार से रात्रि कालीन भ्रमण करते हुए सड़क किनारे या खुले आसमान में सो रहे लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट कराया जाएगा एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए जाएंगे।**